

- वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं-संकट से प्रभावितों को समर्थन देने के लिए वित्तीय गुंजाइश -12




- इंडियन ऑयल ने कहा- 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही एलपीजी -12



- भारतीय उच्चायुक्त ने कहा-बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को फिर मजबूत करेगा भारत-13



- आईपीएल में राजस्थान की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा मुंबई को-14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.57
सूर्यास्त 06.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी 04:34 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 132, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# यूसीसी, एक राष्ट्र-एक चुनाव अगला लक्ष्य

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी बोले- पार्टी के इन दो प्रमुख एजेंडों में सकारात्मक प्रगति हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को समान नागरिक संहिता और एक राष्ट्र, एक चुनाव को भाजपा के दो अधूरे एजेंडे बताते हुए कहा कि इन पर गंभीर विचार-विमर्श हो रहा है तथा सकारात्मक दिशा में प्रगति हुई है। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा ने 1994 में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया था, जबकि मौजूदा भाजपा नीत केंद्र सरकार महिला आरक्षण अधिनियम को 2029 के आम चुनाव में लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस के शासन में उत्पीड़न का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने तो अपनी जान भी कुर्बान कर दी, जैसा कि बंगाल और केरल जैसे राज्यों में देखा गया, जहां हिंसा को एक राजनीतिक संस्कृति बना दिया गया है। कहा कि हमारा मिशन अभी जारी है। समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र, एक चुनाव और अन्य मुद्दों पर देश में गंभीर चर्चाएं चल रही हैं और हम इन पर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है और इस दिशा में बढ़ती रहेगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है। यूसीसी का उद्देश्य पूरे देश में विवाह, गोद लेने आदि के संबंध में सभी के लिए एक समान कानून बनाना है। मोदी ने कहा कि देश जानता है कि भाजपा हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रही है और ऐसा करती रहेगी, पहले भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं, और भविष्य में भी मिलेंगे। ब्रिटिश काल के सैकड़ों काले कानूनों को खत्म करना, लोकतंत्र के लिए एक नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून, नागरिकता संशोधन अधिनियम, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ऐसे अनगिनत काम हैं जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का परिणाम हैं।



- कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से मोदी ने किया संबोधित, कहा- हमने 1994 में उठाया था महिला आरक्षण का मुद्दा
- बोले- भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस शासन में उत्पीड़न को झेला

### भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी जिसे कार्यकर्ता मानते हैं अपनी मां : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भाजपा का सतत रुख रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विशाल और पवित्र वटवृक्ष की छाया में भाजपा सद्भाव और ईमानदारी के साथ राजनीति करने के लिए प्रेरित हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी 1984 को नहीं भूल सकती, जब कांग्रेस बड़ी संख्या में सीट जीती थीं, लेकिन देश ने यह भी देखा कि उन्होंने लोगों को कैसे धोखा दिया। भाजपा की स्थापना छह अप्रैल, 1980 को हुई थी।

## देश-समाज के लिए जीता है भाजपा कार्यकर्ताः मुख्यमंत्री



गोरखपुर में पार्टी के झंडा और कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

- स्थापना दिवस पर गोरखपुर में गरजे सीएम, राष्ट्र प्रथम को बताया मूल मंत्र
- संस्थापकों के आदर्शों और कार्यकर्ताओं के समर्पण से बनी विश्व की बड़ी पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अपने लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए जीता है। जनसंघ काल से चली आ रही राष्ट्र प्रथम की भावना ही भाजपा की असली ताकत है, जिसने उसे आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर के मानसरोवर रामलीला मैदान में भाजपा के 47वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की यात्रा सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण की यात्रा है। यही कारण है कि पार्टी आज देश की विकास यात्रा का नेतृत्व कर रही है और हर राष्ट्रभक्त को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। योगी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर देश की एकता और अखंडता के लिए आवाज उठाई। वहीं दीनदयाल उपाध्याय ने 'अंत्योदय' का दर्शन देकर राजनीति को अंतिम पायदान तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी को स्थिरता दी और विकास की राजनीति को नई दिशा दी। सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने निर्णायक बदलाव देखा है। धारा 370 की समाप्ति, गरीब कल्याण योजनाओं का विस्तार और वैश्विक स्तर पर भारत की साख मजबूत होना इसी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया है,यही उसकी विश्वसनीयता है। योगी ने राम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह राष्ट्र की आस्था और संकल्प का प्रतीक है।

# दिल्ली विस में गेट तोड़कर घुसी एसयूवी, पीलीभीत के युवक सहित 3 हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सोमवार दोपहर उस वक्त बड़ी सेंध लग गई, जब एक नकाबपोश व्यक्ति एसयूवी लेकर परिसर की सीमा पर बने द्वार को तोड़कर जबरन अंदर घुस गया और विधानसभा अध्यक्ष की कार पर एक गुलदस्ता रखकर उसी रास्ते से निकल भी गया। इसके बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बाद में उत्तरी दिल्ली के रूप नगर से चालक सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया और टाटा सिएरा वाहन को जब्त कर लिया। यह घटना अपराह्न 2:10 बजे घटी, जब अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में थे।

विधानसभा की सुरक्षा में प्रतिदिन दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ के 100 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पूरी घटना महज पांच से सात मिनट में घटित हो गई। पुलिस की कई टीमों और बम निरोधक दस्ते ने विधानसभा परिसर की पूरी तरह से तलाशी ली ताकि किसी भी तरह के खतरे की संभावना को खत्म किया जा सके। इस तलाशी के बाद परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने गुलदस्ते की भी जांच की। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के पीलीभीत निवासी 37 वर्षीय सरवजीत सिंह के रूप में हुई है और माना जाता है कि वह किसान आंदोलन का समर्थक है। उत्तर प्रदेश पुलिस पीलीभीत स्थित सिंह के आवास पर पहुंची और उसके परिवार के सदस्यों से पूछताछ की, जिन्होंने दावा किया कि वह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है।



- सोमवार दोपहर सुरक्षा में बड़ी सेंध, वाहन जब्त, कार्यालय के बाहर एक गुलदस्ता रखकर भागा

### जांच के लिए समिति गठित कुचलने का इरादा दिखा

सुरक्षा में हुई चूक की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है और पूरे मामले की निगरानी विशेष आयुक्त स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी। यह घटना ऐसे वक्त हुई है जब विधानसभा को हाल में समाप्त हुए बजट सत्र के दौरान बम संबंधी घटना हुई थी। पुलिस का आरोप है कि घटना के दौरान, आरोपी ने पीलीभीत पंजीकरण संख्या वाली गाड़ी को खतरनाक तरीके से चलाया और ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को कुचलने का स्पष्ट इरादा दिखाया।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएसआई समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) द्वारा समर्थित एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो हथगोले एवं एक 'ग्लॉक' पिस्तौल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि हथगोलों पर पीओएफ (पाकिस्तान आयुध कारखाना) के चिह्न हैं जो सीमा पार संबंधों का संकेत देते हैं।

### आरबीआई ने बैंक प्रतिनिधियों की श्रेणियां बनाने के दिए निर्देश

**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को बैंक प्रतिनिधियों को उनके काम के आधार पर दो श्रेणियों में रखने और उनके वेतन में समानता लाने का सुझाव दिया। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को जारी शाखा मंजूरी संबंधी मसौदा मानदंडों में तीन प्रकार के वितरण बिंदुओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव दिया है जिसमें बैंक शाखाएं, बैंक प्रतिनिधि-बैंक आउटलेट्स (बैंक शाखा, एटीएम, एक्सटेंशन काउंटर) और बैंक प्रतिनिधि-बैंकिंग टचपॉइंट (बीसी-बीटी) शामिल हैं। बैंक प्रतिनिधि को दूर-दराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने के लिए नियुक्त किया जाता है।

# हमले में ईरानी सेना के खुफिया प्रमुख मारे गए, नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा

दुबई, एजेंसी

इजराइल और अमेरिका ने सोमवार को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें 25 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं। होर्मुज खोलने के लिए ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दी गई समयसीमा नजदीक आने के बीच मध्यस्थों ने युद्धविराम का नया प्रस्ताव पेश किया है।

सोमवार सुबह हुए हवाई हमलों में तेहरान में स्थित शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस हमले में विश्वविद्यालय की इमारतों के साथ-साथ परिसर के पास स्थित प्राकृतिक गैस वितरण केंद्र को भी नुकसान पहुंचा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, तेहरान पर हुए एक हमले में अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खादेमी की भी मौत हो गई। वहीं, ईरानी मिसाइलों ने उत्तरी इजराइल के शहर हाइफा को निशाना बनाया, जहां एक रिहायशी इमारत के मलबे से चार लोगों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, तेहरान के दक्षिण-पश्चिम में इस्लामशहर के पास हुए हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई। वहीं, कोम के एक रिहायशी इलाके पर हमले में पांच लोगों की जान गई, जबकि अन्य शहरों में हुए हमलों में छह और लोगों की मौत हुई। इसके अलावा, तेहरान में एक घर पर हुए हवाई हमले में तीन और लोगों की मौत हो गई।



ईरान के मिसाइल हमले से इजराइल में क्षतिग्रस्त हुईं कारें और अपार्टमेंट।

- तेहरान में ताबड़तोड़ बमबारी में 25 से अधिक की गई जान
- ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं

### तेहरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव खारिज किया, कहा- युद्ध का स्थायी अंत चाहिए

**तेहरान।** ईरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और कहा कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। यह खबर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा तेहरान को होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा नजदीक आने से ठीक पहले आयी है। ईरान ने पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को अपना जवाब दे दिया है। काहिरा स्थित ईरानी राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फरदौसी पोर ने सोमवार को बताया, हम केवल युद्धविराम स्वीकार नहीं करेंगे। हम युद्ध की समाप्ति तभी स्वीकार करेंगे जब हमें यह गारंटी दी जाए कि हम पर दोबारा हमला नहीं किया जाएगा।

# कोर्ट परिसर में अधिवक्ता ने चचेरे भाई को गोली मारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पारिवारिक विवाद में अधिवक्ता ने अपने चचेरे भाई को सोमवार को कचहरी परिसर में गोली मार दी। सीने में गोली लगने से अधिवक्ता जितेंद्र राज गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही गिर पड़े। उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर किया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासनिक अफसर पहुंच गए और घटना की जानकारी हासिल की।

शहर के मोहल्ला कमलापुरी निवासी अधिवक्ता जितेंद्र राज सोमवार को दिन में 11 बजे अपने तख्त पर बैठे थे। पास ही उनके चचेरे भाई विराट राज भी अपना कार्य निपटा रहे थे। दोनों परिवारों के बीच पहले से ही विवाद चल रहा है। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच पहले जमकर लात-घूंसे चले। देखते ही देखते हेलमेट और जंजीर से भी एक-दूसरे पर हमला किया जाने लगा। मारपीट की जानकारी पर विराट पक्ष के कुछ और लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे विवाद और उग्र हो गया। बताया जाता है कि इसी अफरा-तफरी के बीच विराट पक्ष की ओर से गोली चला दी गई, जो सीधे जितेंद्र राज के सीने में जा लगी। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर तख्त पर गिर पड़े। घटना के बाद पूरे कचहरी परिसर में भगदड़ और दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने घायल अधिवक्ता जितेंद्र राज को अस्पताल भिजवाया। डीएम-एसपी ने सीडीओ अभिषेक के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना और डॉक्टरों से भी बातचीत की। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने घायल को लखनऊ रेफर कर दिया है।



गोली लगने से घायल जितेंद्र राज।

- घायल भाई भी है अधिवक्ता गंभीर हालत में लखनऊ रेफर
- गोली चलने से पहले जमकर चले हेलमेट, जंजीर-लात-घूंसे

"प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद सामने आया है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ सिटी के नेतृत्व में टीम लगाई गई है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। प्रकरण की जांच चल रही है। -**डॉ. ख्याति गर्ग**, एसपी

## सीईसी के खिलाफ नोटिस अस्वीकार

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस को सोमवार को अस्वीकार कर दिया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने 12 मार्च को यह नोटिस सौंपा था। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि अनुच्छेद 324(5), सीईसी और अन्य ईसी (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) व न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत लोकसभा के 130 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित 12 मार्च, 2026 के एक प्रस्ताव संबंधी नोटिस लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा गया था जिसमें सीईसी को हटाने की मांग की गई थी।

## अधिवक्ता की हत्या में 3 को मौत की सजा

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- यहां की एक अदालत ने सुनाया फैसला, एक अन्य को सात वर्ष कारावास की सजा
- अधिवक्ता मोहम्मद समीर (28) का अपहरण कर की गई थी हत्या

यहां की एक अदालत ने अधिवक्ता का अपहरण कर उसकी हत्या के मामले में सोमवार को चार आरोपियों को दोषी करार दिया। एक शासकीय अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अदालत ने चार में से तीन दोषियों को मौत की सजा जबकि एक को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

शासकीय अधिवक्ता कुलदीप ने बताया कि मुजफ्फरनगर की त्वरित अदालत ने अधिवक्ता मोहम्मद समीर (28) के अपहरण और हत्या मामले में सोमवार को रिजवान अहमद, सिंगोल अल्वी और शालू उर्फ अरबाज को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने तीनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कुमार ने बताया कि अदालत ने मामले में सह-आरोपी दिनेश को सात साल कारावास की सजा सुनाई है।

# बरेली: किडनैपर थे मरने वाले बोलेरो सवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हरियाणा के ऑटो ड्राइवर व उसके दो मासूम बेटों को किया था अगवा
- बच्चों को शिफ्ट करते समय टैंकर से टकराई थी बोलेरो
- अपहर्ता मनमोहन व दो साथियों की हुई मौत, चौथा घायल

**अमृत विचार।** दिल्ली हाईवे पर एक दिन पहले हुए भीषण हादसे की जांच में बरेली पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। एक्सीडेंट में मारे गए कार सवार तीन लोग पेशेवर अपराधी थे और गुरुग्राम से ऑटो ड्राइवर मनोज व उसके दो मासूम बेटे कुनाल (5) और लक्ष्य (3) का अपहरण कर भागे थे।

बच्चों को कार की डिग्गी में छिपाकर दूसरी जगह शिफ्ट करते समय मुख्य आरोपी मनमोहन व उसके दो साथियों की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई, जबकि अस्पताल में भर्ती चौथा साथी प्रिंस पुलिस की हिरासत में है। पुलिस ने मृतक मनमोहन के पिता को गिरफ्तार कर उसके घर में बंधक बनाकर रखे गए ऑटो चालक मनोज को सकुशल मुक्त करा लिया है। गुरुग्राम पुलिस भी बरेली पहुंच गई और कार्रवाई में जुट गई। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि हादसे की जांच में पुलिस को चौंका देने वाली जानकारी मिली थी। घायल बोलेरो चालक प्रिंस से पूछताछ और उसके मोबाइल की जांच में संदिग्ध वीडियो मिले थे। जिसके बाद पुलिस ने नत्थू सिंह को हिरासत में लिया, जो मारे गए मनमोहन का पिता है। उसके घर से पुलिस ने बंद कर रखे गए गुरुग्राम निवासी ऑटो चालक अजय को सकुशल छुड़ा लिया।पुलिस की पूछताछ में पता लगा कि हत्या के मामले में पिता के साथ जेल से छूटकर बाहर आए मनमोहन के प्रेम सम्बंध ऑटो ड्राइवर मनोज की भांजी से थे। वे शादी करना चाहते थे मगर इसके खिलाफ था।

मनमोहन व उसके पिता ने पीलीभीत-रामपुर के अपराधियों से मिलकर मनोज के अपहरण व हत्या की साजिश रची थी। 4 अप्रैल को सुनियोजित तरीके से गुरुग्राम में मंदिर दर्शन को गए मनोज व उसके दो बेटे दक्ष व कुनाल को अगवा कर लिया गया था।

सुनवाई | न्यायालय ने मालदा घटना की जांच की जिम्मेदारी एनआईए को सौंपी

# प. बंगाल के मुख्य सचिव को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपनी पूर्ण एवं असीमित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए प. बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर कार्य में जुटे सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने का मामला एनआईए को स्थानांतरित कर दिया। वहीं, मुख्य सचिव दुश्यंत नरियाला को फटकार लगाई कि उन्होंने एक अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल उस वक्त नहीं उठाई, जब न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। पीठ ने कहा कि उन्हें मुख्य न्यायाधीश से कॉल न उठाने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि बंगाल में नौकरशाही की विश्वसनीयता कम की जा रही है और सचिवालय एवं सरकारी कार्यालयों में राजनीति घुसाई जा रही है। पीठ ने आदेश दिया कि राज्य पुलिस द्वारा मालदा घटना से जुड़े 26 गिरफ्तार व्यक्तियों से एनआईए द्वारा पूछताछ की जाए, भले ही वे न्यायिक हिरासत में क्यों न हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि मालदा में एसआईआर कार्य में जुटे न्यायिक अधिकारियों को घंटों तक घेर लिए जाने की घटना वास्तव में पूर्व-नियोजित और किसी विशेष उद्देश्य से प्रेरित थी।



- कहा- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल न उठाने के लिए माफी मांगें

### एसआईआर मामले में हाईकोर्ट से 3 जजों का पैनल बनाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चुनावी राज्य प. बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर किए गए करीब 60 लाख लोगों के दावों और आपत्तियों का सोमवार 6 अप्रैल को ही निस्तारण किया जाएगा। यह भी कहा कि राज्य में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। शीर्ष अदालत ने एक महिला न्यायिक अधिकारी का अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करने वाला वीडियो देखने के बाद कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए केंद्रीय बलों को वापस नहीं बुलाया जाएगा। पीठ ने कहा, यदि सरकारी तंत्र विफल होता है, तो हम सोचेंगे कि क्या किया जा सकता है। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा प्रतिनिधित्व की जा रही मुख्यमंत्री ममता की इस दलील पर गौर किया कि गलत तरीके से हटाए गए या जोड़े गए नामों के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई के लिए स्थापित 19 अपीलीय अधिकरण अभी क्रियान्वित नहीं हो सके हैं। सीजेआई ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इन अधिकरणों के लिए समान प्रक्रियाएं तैयार करने के वास्ते पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने को कहा।

अमृत विचार

बरेली, मंगलवार,7 अप्रैल 2026

पीलीभीत

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से मारपीट, दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगांव पकड़िया निवासी शिवदई पत्नी बेचेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 अप्रैल को गांव के ही सोनू और शिवा ने उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। शोर होने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### खाते से लेनदेन पर विवाद, पहुंची पुलिस

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर की एक बैंक में उपभोक्ता और प्रबंधक के बीच खाते से निकाली गई रकम को लेकर बहस हो गई। खाता धारक का कहना था कि जिस चेक नंबर पर रुपये निकाले गए हैं, वह तो उसके पास ही है। इसके अलावा अन्य ट्रांजेक्शन पर भी गड़बड़ी का संदेह जताया गया। जबकि बैंक के अधिकारी सब नियमानुसार होने की बात कहते हुए साक्ष्य पास होने का दावा करते रहे। इसकी सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से जानकारी की गई। फिर अग्रिम कार्रवाई के लिए खाता धारक को थाना पुलिस से शिकायत करने की सलाह देकर यूपी 112 पुलिस चली गई। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

### जिला अस्पताल में भर्ती युवक की गई जान

**पीलीभीत,अमृत विचार :** जिला अस्पताल में भर्ती युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि पांच दिन पूर्व एंबुलेंस के माध्यम से एक अज्ञात युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक का नाम धर्मवीर बताया गया था। युवक के पते के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने भर्ती करके उसका इलाज शुरू कर दिया था। इलाज के दौरान सोमवार को युवक की मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना पर अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली पुलिस को मेमो भिजवाया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि युवक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### विश्व भूज्ञानी दिवस के बारे में दी जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में विश्व भूज्ञानी दिवस के अवसर पर कार्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। चित्रकला प्रतियोगिता हुई, जिसमें शिवानी,अंशिका अक्षिता,आस्था ने बेहतर प्रदर्शन किया। शिक्षक अमित शर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि भू वैज्ञानिक पृथ्वी की संरचना, चट्टानों खनिजो इसके इतिहास और उन प्रक्रियाओं का अध्ययन कराता है जो पृथ्वी को आकार देते है।

### कोटेदारों के चेक किए कांटे, दिए निर्देश

**अमरिया, अमृत विचार :** तहसील परिसर में उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के तौल कांटों की वार्षिक जांच हुई। बाट माप विभाग की टीम ने सभी मशीनों का परीक्षण कर उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए जाने पर नई सील लगाई। सुबह से ही करीब 50 कोटेदार अपने-अपने तौल कांटे लेकर जांच स्थल पर पहुंच गए, जिससे तहसील परिसर में भीड़ देखने को मिली।कतार लगवाकर मशीनों की जांच की गई। जिन तौल कांटों में कमी पाई गई, उन्हें मौके पर ही ठीक कराकर पुनः सील किया गया। सहायक बांट मापन अधिकारी नंदा गुप्ता ने बताया कि एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी उचित दर विक्रेताओं की मशीनों की स्टांपिंग और जांच अनिवार्य रूप से कराई जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को सही तौल में खाद्यान्न मिल सके। इस दौरान बाट मापन विभाग के ब्लॉक इंजीनियर जसवंत सिंह, संजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर निकला रोड शो

## जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी हुए शामिल, कई जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, सुरक्षा के इंतजाम भी रहे सख्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



रोड शो के दौरान मुख्य बाजार में भाजपा जिलाध्यक्ष, चेयरमैन व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थाना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर में रोड शो भी निकाला गया। जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल हुए। कई जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण करके की गई। मिष्ठान वितरण किया गया। इसके बाद भाजपा पदाधिकारियों द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने अध्यक्षता, जबकि संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया।

नगर पालिका चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल ने कहा कि हमे गर्व होना चाहिए कि 1980 से शुरू हुआ ये संगठन आज उस दौर में है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात भी करते हैं और भारत की तरफ आंख उठाकर देखने वालों से गन की बात भी करते हैं। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह आदि ने भी विचार रखे। कहा कि भाजपा सिर्फ एक पार्टी नहीं बल्कि एक विचारधारा है। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ रोड शो शहर में निकाला गया। जिसका कई जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर मंगली प्रसाद वर्मा, महादेव गायन, मनोज गुप्ता, लेखराज भारती, अतिंदर पाल सिंह, मान सिंह राठौर, आयुष मिश्रा, इंद्रेश सिंह चौहान, रेनू राज, अमित कुशवाहा, अभिमन्यु गंगवार, भीम सिंह चौहान, शांति स्वरूप सोनकर, चेतन शर्मा, गीता मिश्रा, विवेक शुक्ला, हरिओम शर्मा आदि मौजूद रहे।



झंडा लहरातीं ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा।

### एक तरफ स्वागत के फूल, दूसरी तरफ जाम में फंसे परेशान होते रहे राहगीर

भाजपा के स्थापना दिवस पर निकाले गए रोड शो में बड़ी संख्या में चार पहिया वाहन शामिल किए गए थे। ये रोड शो शहर के घनी आबादी क्षेत्र की गलियों से गुजरा। बाजार का हिस्सा भी इसमें शामिल था। ऐसे में एक तरफ पदाधिकारियों के काफिले पर स्वागत में फूल बरसते रहे, जबकि दूसरी तरफ इससे जाम की स्थिति भी मार्गों पर बनी रही। एक तो पहले से सड़कों पर अतिक्रमण। उसके बाद नो एंट्री जोन में चार पहिया वाहनों का पूरा काफिला। जिसके बाद यातायात व्यवस्था कुछ देर के लिए पस्त पड़ गई। टनकपुर हाईवे से लेकर शहर के भीतर के मुख्य मार्गों पर रोड शो के पहुंचने के दौरान राहगीर जाम में फंसकर रह गए। पुलिस बंदोबस्त भी किए गए थे। मगर उसका अधिक ध्यान जाम में फंसे राहगीरों से अधिक काफिले की गाड़ियों को गुजारने पर अधिक रहा।



सुनगढ़ी तिराहे पर रोड शो के दौरान जाम में फंसे राहगीर। ● अमृत विचार

## प्रेमिका की बहन से भी युवक ने बनाए संबंध, रिपोर्ट दर्ज

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** एक युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोप है कि युवती की बहन के साथ ही संबंध बना लिए। आपत्तिजनक फोटो खींचे और ब्लैकमेलिंग की गई। मामले की शिकायत पुलिस में की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताश्या कि गांव के ही पवन पुत्र छेदीलाल ने उसे प्रेम प्रसंग में फंसाया। इसके बाद शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया।आरोप है कि युवती के आपत्तिजनक फोटो खींच लिए और ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद दबाव बनाकर धमकाते हुए उसकी छोटी बहन के साथ भी 17 फरवरी को दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस कार्रवाई में जुटी है। दरोगा सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में दिखेगी जिले की झलक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जनपद में 10 विभिन्न श्रेणियों से यात्रियों का किया जाएगा चयन
- डीएम ने संबंधित विभागों को सूची उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत गुजरात के सोमनाथ के लिए निकलने वाली स्वाभिमान यात्रा में जनपद की भी सहभागिता रहेगी। इस यात्रा के लिए जनपद के विभिन्न वर्गों से 10 यात्रियों का चयन किया जाएगा। प्रशासन ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। डीएम ने संबंधित विभागों को यात्रियों का चयन कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश सरकार की ओर से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कार्यक्रमों का आयोजन एवं सोमनाथ यात्रा आयोजित की जाएगी। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा 19 अप्रैल से प्रस्तावित है, जो 06 से 07 दिनों की होगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सोमनाथ की गौरवशाली गाथा और सांस्कृतिक विरासत से लोगों को जोड़ना है। यात्रा के दौरान यात्रियों को लखनऊ से विशेष ट्रेन द्वारा सोमनाथ ले जाया जाएगा, जहां वे संकल्प संवाद, लाइट एंड साउंड शो, भजन संध्या और सोमनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक जैसे कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शासन के निर्देशानुसार यात्रा में समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के लिए 11 श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इसमें महिला, युवा विजेता, वरिष्ठ नागरिक, स्वयं सहायता समूह, सरकारी योजनाओं के लाभार्थी, उद्यमी, तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञ और सफाई कर्मचारी आदि शामिल हैं। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की ओर से सभी संबधित विभागों को अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सोमनाथ यात्रा के लिए यात्रियों का अंतिम चयन भी डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। इधर डीएम के निर्देशानुसार डीपीआरओ रोहित भारती ने सभी ब्लाकों के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को पत्र भेजकर विकास खंड से एक-एक सफाई कर्मचारी का चयन कर उसकी फोटो और विवरण तत्काल मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं।

### 18 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेंगे चयनित यात्री

जनपद से विभिन्न वर्गों के 10 यात्रियों का चयन डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन के मुताबिक सोमनाथ यात्रा के लिए चयनित यात्री 18 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेंगे। अगले दिन 19 अप्रैल को लखनऊ में कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीर्थयात्रियों को रवाना करेंगे। 21 अप्रैल को सभी तीर्थयात्री सोमनाथ गुजरात पहुंचेंगे। 22 व 23 अप्रैल को सोमनाथ में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

> शासन के निर्देशानुसार सोमनाथ यात्रा के लिए जनपद से 10 तीर्थयात्रियों का चयन किया जाना है। इसमें विभिन्न समूहों से एक-एक व्यक्ति की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सभी एडीओ पंचायत को संबंधित विकासखंड से पात्र सफाई कर्मचारी का चयन कर तत्काल सूची उपलब्ध कराएं ताकि समय से यात्रा की तैयारी पूरी की जा सके। **-रोहित भारती,** डीपीआरओ

## डीआईओएस को बताई समस्याएं

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने सोमवार को डीआईओएस राजीव कुमार से मुलाकात की। इस दौरान शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया गया। बताया कि सेवानिवृत्त प्रवक्ता ओम प्रकाश वर्मा का चिकित्सीय अवकाश प्रमाण पत्र सहायक निदेशक स्वास्थ्य से प्रति हस्ताक्षरित होने के बावजूद भी छह महीने से अवशेष वेतन नही मिल सका है। गांधी स्मारक इंटर कॉलेज बिलसंडा के कई शिक्षकों की आयकर संबंधी कटौती का फार्म पर दर्शाया नहीं गया है। राम इंटर कॉलेज के शिक्षक गौरव मिश्रा के प्रकरण में विधिक राय प्राप्त होने के बाद भी उनका लाभ नही मिल सका है। डीआईओएस ने आश्वस्त किया। इस मौके पर वेद प्रकाश, बृजेश शास्त्री, सतीश चंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद केंद्रों पर बारदाना मुहैया कराने की मांग

**अमरिया, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश महासचिव सरकदार सतिंदर सिंह घुम्मन, मुकेश कुमार, साहिल, तेजपाल आदि ने एसडीएम मयंक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर बारदाना उपलब्ध कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि अमरिया तहसील क्षेत्र में गेहूं खरीद को लेकर किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। क्षेत्र में गेहूं की कटाई लगभग आधी हो चुकी है, लेकिन सरकारी केंद्रों की स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। किसानों को न तो केंद्रों के संचालन की सही जानकारी मिल रही है और न ही खरीद प्रक्रिया शुरू हुई है।आरोप है कि पूरे जनपद में अभी तक सरकारी गेहूं खरीद शुरू नहीं हुई है और मंडियों में भी कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही। ऐसी स्थिति में किसान मजबूरी में अपना गेहूं प्राइवेट व्यापारियों को कम दाम पर बेचने को विवश हैं। सरकार द्वारा लगाए गए खरीद केंद्र फिलहाल सिर्फ कागजों में ही नजर आ रहे हैं, जिससे किसानों में आक्रोश है। प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खरीद केंद्रों पर वारदाना उपलब्ध कराया जाए। ये भी कहा कि खाद, डीजल और पेस्टिसाइड जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें पहले ही काफी बढ़ चुकी हैं, जिससे किसान कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। इसके अलावा निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली और महंगी किताबों पर रोक लगाने की मांग भी उठाई गई। क्षेत्र में घूम रहे छुटटा पशुओं को पकड़वा कर गोशाला भिजवाने की मांग की।

# सर्वाधिक उपस्थिति पर कई बच्चे पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



प्राथमिक विद्यालय टाहपौटा में पुरस्कृत किए गए बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय टाहपौटा में सोमवार को सम्मान समारोह और कक्षा पांच उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राम बेटी ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने पेश किए। विद्यार्थियों ने स्कूल चलें हम गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी।

कक्षा एक में जय किशन, अंजलि मौर्य, सुहानी, कक्षा दो में आयुषी वर्मा, दीक्षा, योगिता, कक्षा तीन में साधना वर्मा, आराध्या, सोनाक्षी देवी, कक्षा चार में आर्यन कुमार मौर्य, आस्था शर्मा, रेनू कुमारी, कक्षा पांच में कृष्णा, कौशल राज, ऋषभ व झलक वर्मा, अतुल कुमार पुरस्कृत किए गए। सर्वाधिक उपस्थिति पर कक्षा एक में जय किशन, कक्षा दो में योगिता देवी, कक्षा तीन में प्रांश, कक्षा चार आकाश, कक्षा पांच में कृष्णा को पुरस्कृत किया गया। अनुशासन को लेकर कक्षा के ऋतिक, कक्षा दो के शीतल, कक्षा तीन के अलका मौर्य, कक्षा चार के आर्यन कुमार मौर्य और कक्षा पांच के ऋषभ और निरंतर स्वच्छ गणवेश में विद्यालय आने पर सुहानी, आयुषी वर्मा, आराध्या, सोनी, पल्लव मौर्य को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ.विभव सक्सेना ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जागन लाल, मीरा देवी, ममता देवी, अंजना शुक्ला, प्राज्ञी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कब्जा कर मुर्गी फार्म चलाने का आरोप

**पीलीभीत,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला डालचंद निवासी शारिक पुत्र मोहम्मद अनीस खां ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका मोहल्ला भूरे खां में एक प्लाट है। उसके उक्त प्लाट पर मोहल्ला भूरे खां निवासी दो युवकों ने कब्जा कर रखा है।

उक्त प्लाट पर आरोपी पक्ष अवैध रूप से मुर्गी फार्म व मीट की दुकान चला रहे हैं। जिसका लाइसेंस भी नहीं है। जब उसने उक्त लोगों से कब्जा हटाने को कहा तो आरोपियों ने उसको धमकी दी। इसकी शिकायत वह पूर्व में भी कर चुका है। जिस पर उसका मुर्गी फार्म और मीट की दुकान को संबधित अधिकारियों ने बंद भी करवा दिया था। इसके बाद भी वहां पर दुकान अवैध रूप से चल रही है। पीड़ित ने अफसरों को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज डायरी



### आओ झूमो नाचो गाओ सीजन-2 में कई बच्चों को किया पुरस्कृत

**पीलीभीत,अमृत विचार :** सुमन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की ओर से आओ झूमो नाचो गाओ सीजन-2 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ .आस्था अग्रवाल ने शुरुआत कराई। सब जूनियर फैंसी डांस में कर्णिका शंखधार प्रथम, गौरिक बंसल द्वितीय, अर्जिता प्रजापति तृतीय रहे। जूनियर में अथर्व गंगवार प्रथम, नूहा भुट्टो द्वितीय, आयुष्मान तृतीय रहे। सब जूनियर सिंगिंग में मिनाहित भुट्टो प्रथम, सानवी अग्रवाल द्वितीय रहीं। इसके अलावा भी कई बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। सभी को अतिथि और आयोजकों ने पुरस्कृत किया। अंत में सुरभि सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विपिन सक्सेना, विनय सक्सेना, रामजीनाथ सक्सेना, राजीव मधुर, संजय, रत्ना शुक्ला, सूर्यप्रकाश, संजीव राजपूत, यशपाल शर्मा, खेमकरन आदि मौजूद रहे।




### शिविर में दी गई बैंक से जुड़ी योजनाओं की जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** क्रिसिल फाउंडेशन के माध्यम से ग्राम भिलइया खेड़ा में सोमवार को कैंप आयोजित किया गया। इसमें किसान और समूह की महिलाओं ने बैंक से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश, पंचायत सहायक अजय, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुन्नी देवी, समूह सखी रूबी के माध्यम से आयोजित कैंप में प्रबंधक संजीव कुमार ने फिलिप बुक के माध्यम से बैंक में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर अजय, दीपक मिश्रा, सुनीता, सीमा, विमला, नित्या, मीना देवी, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश, पंचायत सहायक अजय आदि मौजूद रहे।



### मेधावी गौरव का किया अभिनंदन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने पीसीएस परीक्षा में बीसलपुर निवासी लक्ष्मीकांत गंगवार के पुत्र गौरव गंगवार द्वारा 63वां स्थान प्राप्त करने पर अभिनंदन किया। पदाधिकारी बीसलपुर की छेदालाल कॉलोनी स्थित गौरव के निवास पर पहुंचे और दुशाला और स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। इस मौके पर महासभा के जिलाध्यक्ष पीएल गंगवार, पूर्ण महामंत्री डॉ . नरेश गंगवार, महामंत्री डॉ दीपक गंगवार, प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्द गंगवार,जिला सहकारी बैंक डायरेक्टर नरेन्द्र गंगवार,डॉ . नीलेश कटियार,कालीचरण गंगवार, लालाराम आदि मौजूद रहे।



### झुके पोल से हादसे का डर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ज्योरहा कल्यानपुर के ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि करीब एक साल पूर्व लोहे का पोल नीचे से गल गया था। कई बार शिकायत की गई लेकिन पोल नहीं बदला गया। किसी भी समय करंट लगने से बड़ा हादसा भी हो सकता है। झुके विद्युत पोल के स्थान पर दूसरा विद्युत पोल लगवाने की मांग की गई। आरोप लगाया कि पोल बदलने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। प्रदर्शन करने वालों में अर्जुन सिंह, संगम, चंद्रप्रकाश, बाबूराम, वेद प्रकाश, आनंद प्रकाश, ओम प्रकाश आदि थे।

### आहट होने पर कटे पेड़ छोड़ भागे चोर, वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे

**पीलीभीत,अमृत विचार :** न्यूरिया क्षेत्र के गुप्ता कॉलोनी स्थित नहर पटरी पर रविवार देर रात चोरों ने नहर किनारे खड़े दो सेमल के पेड़ों को काट दिया, लेकिन गश्त के दौरान पुलिस पहुंचने पर आरोपी लकड़ी ले जाने में असफल रहे। एसओ सुभाष मावी ने बताया कि रात करीब तीन बजे जब पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी, तभी चोरों ने पुलिस वाहन की लाइट देख ली। पकड़े जाने के डर से चोर अंधेरे का फायदा उठाते हुए कटे हुए पेड़ों को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। चोर पेड़ों को काटकर उनके टुकड़े (गिल्टे) बना रहे थे। सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। हालांकि अभी तक विभाग की ओर से थाने में कोई लिखित नहीं की गई है।

# हक-हकूकों के लिए सिख सामाजिक न्याय यात्रा की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कलेक्ट्रेट परिसर में एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपते यात्रा संयोजक एवं सिख समाज के लोग।

**अमृत विचार :** सिख समाज ने अपने हक-हकूकों को लेकर पीलीभीत में सोमवार को सिख सामाजिक न्याय यात्रा का आगाज किया। गुरुद्वारा छेवीं पातशाही में अरदास के साथ शुरू हुई यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट में पहुंची। यहा प्रदर्शन के साथ राष्ट्रपति को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपा गया। सिख सामाजिक न्याय यात्रा के यात्रा संयोजक एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप भुल्लर ने बताया कि यात्रा पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कई हिस्सों से होती हुई 06 जून को लखनऊ में पहुंचेगी, जहां सिख सम्मेलन के साथ इस यात्रा का समापन होगा।

सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में शहर स्थत ऐतिहासिक गुरुद्वारा छेंवी पातशाही में एकत्रित हुए। यहां सिख सामाजिक यात्रा की सफलता के लिए अरदास की गई। इसके बाद सिख सामाजिक न्याय यात्रा का काफिला कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं यात्रा संयोजक कुलदीप सिंह भुल्लर के नेतृत्व में यात्रा कलेक्ट्रेट पहुंची। राष्ट्रपति को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम न्यायिक पवन कुमार को सौंपा। इस दौरान कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि सिख समाज ने देश को आजादी दिलाने में सबसे ज्यादा कुर्बानियां दी। देश में हरित क्रांति लाने के साथ ही देश हित में सिख समाज ने कई बड़े कार्य भी किए। मगर, वर्तमान में प्रदेश का सिख समाज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। समाज की जनसंख्या के हिसाब से अभी तक सिख समाज को भागीदारी नहीं है। ज्ञापन में हरिद्वार स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री ज्ञान गोदड़ी साहिब उसी स्थान पर बनाने की अनुमति देने, 50 साल के कब्जेदारों की जमीनों को भूमिधरी दर्ज किए जाने, विधान परिषद में दो सिखों को नामिनेट करने, सिख आयोग का गठन करने, जनसंख्या के अनुपात में सिखों को सरकार में बराबर की हिस्सेदारी के साथ कैबिनेट, राज्य, आयोग एवं निगम में बराबरी की हिस्सेदारी देने, सिखों का जनगणना कराने, सिखों को अलग से विश्विवद्यालय या कोई बड़ी शैक्षिक संस्था देने, सिख गुरुओं एवं योद्धाओं का इतिहास पूरे देश व प्रदेश के स्कूलों में अनिवार्य करने, गुरुद्वारे के ग्रंथियों को 10000 रुपये भत्ता देने और गन्ना किसानों को समय से भुगतान देने की मांग की गई। इस दौरान बाबा जसवीर सिंह, प्रदेश सचिव अमर सिंह, सतनाम सिंह, गुरमीत सिंह, साहब सिंह भुल्लर,जिला सचिव सर्वजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष परमजीत सिंह, बलकार सिंह, मनदीन सिंह, ज्ञानी सर्वजीत सिंह, बाबा गुरमेज सिंह समेत बड़ी संख्या में सिख संगत मौजूद रहीं।

### जनपद में है पांच दिन का कार्यक्रम

सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी चंडीगढ़ एवं पंजाब कुलदीप भुल्लर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश के पूरे सिख समाज को जागरूक करने के साथ सिख स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार सुबह अरदास के साथ यात्रा की शुरूआत की गई है। जनपद में पांच दिन का कार्यक्रम है। इसके बाद यात्रा अपने अगले पड़ाव की ओर बढ़ेगी। इसका समापन 06 जून को लखनऊ में विशाल सिख सम्मेलन के रूप में करेंगे।

### शहर में आज

- अखिल भारत हिंदू महासभा का कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में डीएम को ज्ञापन सुबह 10 बजे
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम ईदगाह कॉलोनी में दरबार दोपहर 12 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।

### न्यूज ब्रीफ

## दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** चुर्रा चौकी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान अभयपुर मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा। उनके पास से 1.493 किग्राअफीम बरामद की गई। चौकी प्रभारी अंकित यादव ने बताया कि वह टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक सूचना पर चुर्रासकतपुर नहर रास्ते से ग्राम अभयपुर चयना वाले रास्ते की तरफ गए। इसके बाद घेराबंदी कर ग्राम गुलैंदा गौटिया निवासी सौरभ वर्मा और शैलेंद्र वर्मा को पकड़ा। सौरभ वर्मा के पास से 877 ग्राम अफीम और शैलेंद्र के पास से 616 ग्राम अफीम बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने बरेली के मोहल्ला कोहाड़ापीर निवासी रिजवान खान की ओर से रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें बताया कि 28 अप्रैल 2025 को उसकी गाड़ी ड्राइवर विपिन कुमार भाड़े की तलाश में शाहजहांपुर की ओर लेकर जा रहा था। बीसलपुर बरेली मार्ग स्थित विद्युत पावर हाउस से एक किलोमीटर आगे गाड़ी पहुंचते ही बंद पड़ गई। ड्राइवर विपिन ने वाहन सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और मिस्त्री को बुलाने के लिए बीसलपुर चला गया। मिस्त्री न मिलने पर वह दो घंटे बाद जब पहुंचा तो कोई गाड़ी चोरी कर ले गया था। पुलिस ने उस वक्त शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## ई-रिक्शा की चार बैटरी चोरी, एफआईआर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला चमकनी गाड़ीपुरा निवासी विकास राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा था। 04 अप्रैल की रात में एक बजे एक कार आकर उसके दरवाजे पर आकर रुकी। कार में से तीन लोग निकले और ई-रिक्शा के तार काट कर लोक तोड़ दिया। ई-रिक्शा की चार बैटरियां चोरी कर ली और कार में डालकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नेपाल में बर्ड फ्लू की दस्तक के बाद अलर्ट, 16 आरआरटी टीमें गठित

### सीमावर्ती क्षेत्रों में पशुपालन विभाग ने बढ़ाई चौकसी, अब तक 280 सैंपलों की जांच

- जिला मुख्यालय समेत पांचों तहसीलों में कंट्रोल रूम स्थापित पोल्ट्री फार्मों की हो रही सघन जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पड़ोसी देश नेपाल में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद भारत-नेपाल सीमा से सटे जिलों में हड़कंप मच गया है। शासन के निर्देश पर सीमावर्ती जनपद पीलीभीत में पशुपालन विभाग ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। संक्रमण को जनपद में प्रवेश करने से रोकने के लिए विभाग ने चाक चौबंद इंतजाम किए हैं। इसके तहत रैपिड रिस्पांस टीमों का भी गठन किया गया है, जो पोल्ट्री फार्मों पर पैनी नजर रख रही हैं।

बीते माह भारत-नेपाल सीमा से सटे नेपाल क्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) की पुष्टि हुई थी। नेपाल का यह इलाका देश के सीमावर्ती जनपद महाराजगंज के समीप पड़ता है। ऐसे में नेपाल से सटे होने के कारण पीलीभीत जनपद



पोल्ट्री फार्म पर निरीक्षण के दौरान संचालक को जानकारी देते पशु चिकित्साकारी।

"नेपाल में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जनपद में अलर्ट जारी किया गया है। आरआरटी टीमों का गठन कर उन्हें भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक 280 सैंपल भेजे गए थे, सभी निगेटिव पाए गए हैं। कंट्रोल रूम के माध्यम से स्थिति पर नजर रखी जा रही है और पोल्ट्री संचालकों को भी सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद में अभी तक बर्ड फ्लू का कोई केस सामने नहीं आया है।

-डॉ. पीके त्यागी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

में भी बर्ड फ्लू संक्रमण का खतरा अधिक बना हुआ है। शासन के निर्देश पर जिले में भी अलर्ट किया गया है। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद जनपद में भी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पीके त्यागी के निर्देशन में पशु चिकित्सालय स्तर पर टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। जनपद में 16 पशु चिकित्सालय हैं। पशु चिकित्सालय स्तर पर 16 रैपिड रिस्पांस टीमें (आरआरटी) गठित की गई है। सभी टीमें संबंधित क्षेत्रों में पोल्ट्री फार्मों समेत पोल्ट्री उत्पाद के आवक आदि पर पैनी नजर रखे हुए हैं।

वहीं पशु चिकित्साधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पोल्ट्री फार्मों का निरीक्षण कर रहे हैं और मुर्गे-मुर्गियों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं। विभागीय अफसरों के मुताबिक जनपद में अब तक विभिन्न पोल्ट्री फार्मों से टीमें 280 सैंपल एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज चुकी है। राहत की बात यह है कि अभी तक प्राप्त हुई सभी रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई हैं, जिससे फिलहाल जनपद में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है।

### कंट्रोल रूम का नंबर जारी

आपातकालीन स्थिति से निपटने और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए जिला स्तर के साथ ही सभी पांच तहसीलों में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं। जिलास्तर पर कंट्रोल रूम नंबर 9456664612 पर सूचना दी जा सकती है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के मुताबिक सभी कंट्रोल रूमों का सक्रिय किया गया है। किसी भी संदिग्ध मामले की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बर्ड फ्लू को लेकर टास्क फोर्स समिति की हुई बैठक

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बर्ड फ्लू के दृष्टिगत डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। गांधी सभागार में सोमवार को हुई बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि बर्ड फ्लू एक वायरस जनित बीमारी है जोकि एच 5 और एच 7 वायरस से होती है। यह पक्षियों से मनुष्यों व पशुओं में फैलती है।

डीएम ने बताया कि पड़ोसी देश नेपाल के दो शहरों में बर्डफ्लू के मामले में आए हैं। सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा के दृष्टि से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कहा कि कुक्कुट पालन के स्वामियों को फार्म के आसपास जैव सुरक्षा, साफ सफाई रखी जाये व बर्ड फ्लू से संक्रमित पक्षी के संपर्क में आने पर तत्काल चिकित्सक की सलाह लें। उन्होंने गोशालाओं में हरा चारा, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाऐं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बर्ड फ्लू से संबंधित सावधानियों से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, सीवीओ डॉ. पीके त्यागी, डीडीओ संजय कुमार, डीपीआरओ रोहित भारती समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शिकायत की जांच करने पहुंचे समीक्षा अधिकारी

- डीआईओएस कार्यालय में तैनात रहे तत्कालीन लेखाधिकारी देशराज का रुका था भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** करीब एक दशक से अधर में लटके चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान न होने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कार्यरत रह चुके वित्त लेखाधिकारी की पत्नी ने लोकायुक्त से गुहार लगाई। इसके बाद अब समीक्षा अधिकारी इसकी जांच करने के लिए सोमवार को कार्यालय पहुंचे। उन्होंने उनके बिल आदि को चेक किया। जानकारी जुटाई कि आखिरकार इतने सालों से भुगतान किस आधार पर लंबित है।

जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय से जुड़े एक पुराने भुगतान मामले की जांच के लिए लोकायुक्त की ओर से समीक्षा अधिकारी अश्वनी पाठक जिले में पहुंचे। उन्होंने यहां आकर वर्ष 2017 में लंबित पड़े चिकित्सा पूर्ति के भुगतान से संबंधित प्रकरण की जानकारी जुटाई और संबंधित अभिलेखों की जांच की। बताया जा रहा है कि उस समय डीआईओएस कार्यालय में तैनात रहे वित्त एवं लेखाधिकारी देशराज का चिकित्सा पूर्ति से जुड़ा भुगतान लंबे समय से लंबित था। इस मामले को लेकर उनकी पत्नी रश्मि ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि नियमानुसार भुगतान होने के बावजूद अनावश्यक रूप से उसे रोका गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए लोकायुक्त कार्यालय ने जांच के आदेश दिए थे। इसी क्रम में समीक्षा अधिकारी अश्वनी पाठक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और रिकॉर्ड खंगाले। जांच के दौरान भुगतान लंबित रहने के कारणों और प्रक्रिया में हुई देरी को लेकर भी विस्तार से पड़ताल की गई। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। वहीं, इस मामले के खुलने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। प्रशासनिक स्तर पर यह संकेत दिए गए हैं कि लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला उनके कार्यकाल का नहीं है। चिकित्सा प्रतिपूर्ति से जुड़ा मामला है। इसको लेकर टीम जांच करने के लिए पहुंची थी। उन्हें अभिलेख दिखाए गए थे।

# पशु से टकराकर पलटा टेंपो, एक की मौत

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** इलाबास देवल से परिवार के बच्चे का मुंडन संस्कार कराकर टेंपो से लौट रहे एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गए। छुट्टा पशु से टकराने के बाद टेंपो पलट गया था। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हादसा सोमवार देर शाम पीलीभीत बीसलपुर रोड पर मोहम्मदगंज अमखिड़िया के पास हुआ। बरखेड़ा से बीसलपुर की तरफ जा रहा एक टेंपो छुट्टा पशु से टकराकर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार मूल रूप से पकड़िया मंगली गांव के निवासी 65 वर्षीय फूलचंद पुत्र ज्वाला प्रसाद की मौत हो गई। वह हाल में बीसलपुर कस्बे में वन विभाग कार्यालय के पास नई बस्ती



घायलों के सीएचसी पहुंचने के बाद लगी भीड़। ● अमृत विचार

में रहते थे। जबकि उनके परिवार के ही सरोज देवी पत्नी सतीश चंद, रेखा देवी पत्नी नरेश चंद्र, विनीता देवी पत्नी अशोक कुमार, निखिल पुत्र नरेश चंद्र, शांति देवी पत्नी कल्याण राय घायल हो गए। चार अन्य बच्चों को मामूली चोट आई। परिवार का आरोप है कि मृतक की जेब से किसी ने मोबाइल और 2700 रुपये चोरी कर लिए। यह भी बताया कि परिवार के ही एक बच्चे का मुंडन कराने के लिए सभी इलाबास देवल गए थे और वहां से लौट रहे थे। सूचना मिलने पर पहुंची बरखेड़ा पुलिस ने टेंपो को कब्जे में ले लिया है। इसके अलावा ग्राम इग्ररा निवासी माखन लाल ने बताया कि उसका पुत्र प्रेमप्रकाश बाइस से काम निपटाकर घर आ रहा था। बरखेड़ा गजरौला मार्ग पर नगरा चौराहा के पास पेड़ से बाइक टकराने से वह घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# 4.95 करोड़ से होगा सड़क और नाली का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ग्रामीण अंचलों की जर्जर सड़कें और नालियों की समस्या का जल्द समाधान हो सकेगा। त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत इनकी स्वीकृति हो गई है।जिसके बाद जलद ही काम होगा और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की राह आसान हो सकेगी।

सदर विधान सभा क्षेत्र की सड़कों की दशा सुधारने के लिए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शासन स्तर पर प्रयास किए थे। जिसके बाद अब इसका असर दिखाई दिया है। 4.95 करोड़ रुपये से ग्रामीण अंचलों की कई सड़कें सुधारी जाएंगी। इन पर लंबे समय से ग्रामीणों को दिक्कत हो रही थी। स्वीकृत की गई सड़कों में ग्राम सरौरी में बांधू राम के सेलर से माफर संपर्क मार्ग तक इंटरलॉकिंग



ग्राम पिपरा वाले नंबर एक की जर्जर सड़क। ● अमृत विचार

रोड व नाली निर्माण कराया जाएगा। इसी गांव में शिव मंदिर से लल्लूराम के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण होगा। ग्राम गहलुईया में मेन रोड से रविंद्र सिंह के खेत तक, ग्राम करैया में केपी शर्मा के घर से वीरपाल शमा के घर से होते हुए पंचायत घर होकर ओमकार-तुरसम के घर तक काम होगा। इसके अलावा अबूडांडी में प्राइमरी स्कूल से श्मशान भूमि तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य होगा। नवादाकंजा में पेंटिंग रोड से परमेश्वरी दयाल के घर तक, ग्राम पिपरा वाले नंबर एक में गुटैया मार्ग से गयादीन के घर होते हुए नंदघर होकर व प्राइमरी स्कूल होते हुए दिनेश के घर तक की सड़क इंटरलॉकिंग होगी व नाली का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा ग्राम नूरपुर, राजीव कॉलोनी, ढकिया,कनाकोर आदि में भी सड़क व नाली का काम कराया जाएगा।

- राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



"जनसेवा के संकल्प के साथ विकास कराया जा रहा है। सदर विधानसभा क्षेत्र में 4.95 करोड़ की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। इससे क्षेत्र में बेहतर आवागमन के साथ-साथ जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री का हृदय से आभार। जिनके मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर है। - **संजय सिंह गंगवार,** राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

# मरीजों को नहीं लगानी होगी सैंपलिंग के लिए दौड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में आने वाले गंभीर मरीजों के लिए अब लैब के चक्कर नहीं लगाना होंगे। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से ऑन बेड मरीजों की सैंपलिंग और अन्य जांचों की सुविधा शुरू की गई है। इसको लेकर प्रत्येक वार्ड में संबधित लैब आदि जांच वाले विभागों की सूची उपलब्ध कराई गई। यहां से कॉल करने पर कर्मचारी बेड पर पहुंचकर मरीज का सैंपल लेकर उसकी जांच करेंगे।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद ओपीडी के अलावा कई वार्ड बने हुए हैं। जिसमें सर्जरी, मेडिसन, हड्डी, बर्न आदि के वार्ड शामिल है। अभी तक इन वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए ब्लड सैंपलिंग हो या अन्य कोई ईको आदि की जांच। उसके लिए तीमारदार को मरीज को



ओपीडी में बनाया गया बुजुर्गो के लिए अलग दवा काउंटर। ● अमृत विचार

वहां लेकर जाना पड़ता था। मगर अब मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने समस्त वार्ड में भर्ती गंभीर मरीजों के लिए ऑन बेड इलाज के साथ जांच की सुविधा शुरु की। ताकि मरीज व उनके तीमारदार को भटकना न पड़े।

प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने इसके लिए आईसीयू, ब्लड बैंक, पैथलॉजी, सीटी स्कैन और एक्सरे वाले कर्मचारियों की रोस्टर के हिसाब से ड्यूटी लगाई गई है। अगर किसी वार्ड में मरीज की ब्लड सैंपलिंग या ईको होना है तो वार्ड इंचार्ज संबंधित विभाग में कॉल कर जानकारी देगा। इसके बाद कर्मचारी आकर वहां मरीज की जांच करेगा। साथ ही रिपोर्ट भी नंबर के अलावा उनके स्थान पर ही पहुंचेगी। ताकि उन्हें भटकना न पड़े। सीटी स्कैन के लिए स्ट्रेचर लेकर कर्मचारी पहुंचेगे, जो मरीज का सीटी और एक्सरे कराने के बाद उन्हें वार्ड तक पहुंचाएंगे। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित मरीज के परिजनों को सौंपेंगे। साथ ही प्राचार्य ने इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की देखरेख के लिए कर्मचारी बढ़ाए गए हैं।

### बुजुर्गों के लिए अलग बना दवा काउंटर

मेडिकल कॉलेज में मरीजों की तादाद बढ़ती जा रही है। सुबह से ही अस्पताल की ओपीडी में मरीज पहुंचने लगते हैं। ऐसे में बुजुर्गों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भीड़ के चलते कई बार बुजुर्गो को परामर्श नहीं मिल पाता है। इसको देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बुजुर्गों के लिए अलग दवा काउंटर खोला गया है। ताकि उन्हें दवा लेने के लिए लाइन में न लगना पड़े। इस काउंटर के पास एक कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड को तैनात किया गया है। ताकि वह बुजुर्गो को व्यवस्थित ढंग से वितरण हो सके। इसी तरह की व्यवस्था 200 बेड हॉस्पिटल में भी रहेगी।

## तीन शातिर टप्पेबाज गिरफ्तार, जेल भेजा

**अमरिया, अमृत विचार :** सर्विलांस टीम की मदद से थाना पुलिस ने तीन अंतर्राज्यीय अपराधियों को धर दबोचा। वह टप्पेबाजी की घटनाएं किया करते थे।

सीओ सदर नताशा गोयल ने बताया कि महारष्ट्र के मुमरा थाणे क्षेत्र के रसीद कंपाउंड कौसा के निवासी इरफान इमदाद हुसैन शेख उर्फ राज, हल्द्वानी नैनीताल के ग्राम बनबुलपुरा निवासी समीर और गदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ठंडा नाला गूलरबोझ निवासी जलालुद्दीन लाहौरी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो जोड़ी कुडल, दो मोबाइल, एक बाइक, दो तमंचे-कारतूस बरामद किए गए। आरोपी आपस में सूनसान क्षेत्र में महिला-पुरुषों की रेकी करके उनके साथ टप्पेबाजी की घटनाएं करते थे। तीनों को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# एंटी माइक्रोबियल रेसिस्टेंस पर मंथन

- चिकित्सा महाविद्यालय में विशेषज्ञों ने साझा किए सुझाव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत मनाए जा रहे साधना सप्ताह के तहत सोमवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में एंटी माइक्रोबियल रेसिस्टेंस विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। दोपहर दो बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लेकर इस गंभीर स्वास्थ्य चुनौती पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम की शुरुआत माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका वर्मा की प्रस्तुति से हुई, जिसमें उन्होंने एंटीबायोटिक रेसिस्टेंस के बढ़ते खतरे, इसके कारणों और रोकथाम के उपायों



सभागार कक्ष में चर्चा करते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

पर विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद आयोजित पैनल चर्चा में शल्य चिकित्सा, सामुदायिक चिकित्सा, फॉरेंसिक मेडिसिन, फिजियोलॉजी, मेडिसिन और फार्माकोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों ने वर्तमान स्थिति, क्लीनिकल प्रभाव और नियंत्रण की रणनीतियों पर गहन मंथन किया। चर्चा में डॉ. जगदम्बा शरण, डॉ. अरुण सिंह, डॉ. प्रेम चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. श्रेयाशी, डॉ. विनीत बंसल और डॉ. शकील अहमद ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन और मॉडरेशन डॉ. दीपिका वर्मा एवं डॉ. मुकेश पांडे ने किया। इस दौरान लगभग 30 फैकल्टी सदस्यों की उपस्थिति रही, वहीं चिकित्सकों और छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए प्रश्न और सुझाव प्रस्तुत किए। प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि इस तरह के आयोजन जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# दहेज हत्या में पति को सात साल कैद, ससुर दोषमुक्त

- सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर कोतवाली में थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम मधुपुरी निवासी साकेत कुमार पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि उनकी पुत्री आकांक्षा की शादी घटना से करीब तेरह माह पूर्व रविशंकर ओझा से हुई थी।

आरोप है कि पति ने पूर्व में एक युवती से हुए विवाह की बात छिपाकर रखी थी। पति रविशंकर ओझा पहली पत्नी को घर में साथ रखने के लिए झगड़ा फसाद करता था। पहली पत्नी के साथ रहने का दबाव बनाने के लिए आरोप है कि पति ने आकांक्षा से मारपीट की। जिसकी शिकायत 13 मई 2020 को संबंधित थाने में की गई, लेकिन पति ने थाने आने से ही इन्कार कर दिया था। आरोप था कि रविशंकर ने पूर्व पत्नी, पिता, भाई के साथ मिलकर आकांक्षा की हत्या कर दी। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। मुकदमे की सुनवाई सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने फैसला सुनाया। न्यायालय ने अपने दंडादेश में ये भी लिखा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बार-बार ये कहा गया है कि अपराध की गंभीरता के सापेक्ष दंड प्रदान किया जाना चाहिए। दंड की प्रक्रिया पूरे समाज के लिए मार्गदर्शक का कार्य भी करती है।

## टक्कर लगने के बाद टोका तो तलवार लेकर दौड़ाया

**माधोटांडा, अमृत विचार:** सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ग्राम नजीरगंज के निवासी सूरजपाल पासवान पुत्र रमेश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पेशे से ड्राइवर हैं। छह अप्रैल को वह ईको से खटीमा-झनकइया की ओर एक कार्यक्रम में सवारियों को लेकर जा रहे थे। नहर के पास पहुंचते ही एक वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। इसके बाद जब इको में सवार लोगों ने विरोध किया तो आरोपी कस्बा माधोटांडा निवासी कार से निकला और खुद को किसान नेता बताते हुए हाथ में तलवार लेकर हमला करने को दौड़ पड़ा। आरापे है कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। आरोपी का तलवार के साथ का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ई-ऑफिस से बदलेगा अस्पताल का काम

- जिला अस्पताल में भर्ती मरीज दवाओं और पत्रावलियों का रिकॉर्ड होगा ऑनलाइन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज बनने के बाद अब जिला अस्पताल को अब पारंपरिक फाइलों का बोझ कम होने वाला है। इसको लेकर शासन के निर्देश पर ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने जा रही है। जिससे पूरे अस्पताल का पूरा प्रशासनिक ढांचा डिजिटल हो जाएगा, जिससे कामकाज तेज, पारदर्शी और जवाबदेह बनेगा। ई-ऑफिस तैयार करने के लिए मेडिकल कॉलेज को 14 लाख का बजट मिला है। जिसका कार्य यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। जोकि अगले तीन माह में शुरु कर दी जाएगी।

बता दें कि अभी तक जिला अस्पताल में अधिकतर कामकाज आफलाइन मोड पर होता है। सिर्फ टेंडर प्रक्रिया को छोड़कर। ऐसे में दवाओं का ब्योरा हो या मरीजों की डिटेल। जिस वजह से असप्ताल में फाइलों का ढेर लगा रहता था। जरुरत पड़ने पर फाइलें नहीं मिल पाती है। इन सभी कामों से छुटकारा दिलाने के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से ई-आफिस लागू होने जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई। ई-ऑफिस लागू होने के बाद अस्पताल में फाइलों का ढेर खत्म हो जाएगा। अभी तक भर्ती रजिस्टर, दवा वितरण, कर्मचारियों की उपस्थिति, अवकाश आवेदन, पत्राचार और भुगतान से जुड़ी फाइलें ऑफलाइन संचालित होती हैं, जिनमें समय अधिक लगता है और रिकॉर्ड ढूंढना भी कठिन होता है। नई व्यवस्था में ये सभी काम डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होंगे, जिससे एक क्लिक में पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी। मरीजों के इलाज, जांच और दवाओं का रिकॉर्ड ऑनलाइन सुरक्षित रहेगा, जिससे जरूरत पड़ने पर तुरंत जानकारी मिल सकेगी। इससे इलाज की प्रक्रिया में तेजी आएगी और बार-बार कागज दिखाने की परेशानी कम होगी। ई-ऑफिस प्रणाली से पारदर्शिता भी बढ़ेगी। किसी भी फाइल की स्थिति, किस अधिकारी के पास लंबित है और कब तक निस्तारित होनी है, यह सब ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकेगा। इससे लापरवाही या देरी की जिम्मेदारी तय करना आसान होगा। साथ ही, फाइलों के गुम होने या दबने की समस्या भी खत्म हो जाएगी। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि इस डिजिटल व्यवस्था से न सिर्फ कामकाज तेज होगा, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर भी अंकुश लगेगा। अधिकारी और कर्मचारी समयबद्ध तरीके से काम करने को बाध्य होंगे।

# दिल्ली विधानसभा मामले की मिली जानकारी, पुलिस अलर्ट

- एसपी बोले- मामले में एकत्रित की जा रही आवश्यक जानकारी
- सरबजीत सिंह के नाम पर कार का पंजीकरण बताया गया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए कार लेकर युवक के जबरन परिसर में घुसने और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय के बाहर गुलदस्ता रखने के मामले में पीलीभीत के युवक और कार के होने का पता चलते ही जिला स्तर पर भी पुलिस प्रशासन एक्टिव कर दिया गया।

इसे लेकर एसपी ने युवक के बारे में पता करते हुए विस्तार से जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। इसके लिए टीम लगाई गई है।

बताते हैं कि दिल्ली विधानसभा परिसर में दोपहर के वक्त गेट नंबर दो से एक कार जबरन दाखिल हुई। बताते हैं कि कार लोहे का गेट तोड़ते हुए भीतर घुसती चली गई थी। कार व उसमें सवार युवक पीलीभीत के पूरनपुर तहसील क्षेत्र का होने की बात कही जा रही है। सरबजीत सिंह नाम पर कार का पंजीकरण बताया गया है।

इसकी जानकारी जब पीलीभीत के एसपी तक पहुंची तो जिला स्तर पर भी उक्त युवक से संबंधित जानकारी जुटाना शुरू कर दी गई है। एसपी सुकीर्ति माधव ने बताया कि इस मामले की जानकारी मिली थी।

गाड़ी और युवक के पीलीभीत का होने की जानकारी मिली है। ऐसे में आवश्यक जानकारी एकत्रित कराई जा रही है।




# एक दिन की बच्ची की वैक्सीनेशन के कुछ देर बाद जान गई, हंगामा

## परिवार ने गलत इंजेक्शन का आरोप लगाकर किया हंगामा

- जिला महिला अस्पताल की घटना, पुलिस ने जुटाई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


हंगामे की सूचना पर पहुंचे सीएमएस और ठेका चौकी प्रभारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : जिला महिला अस्पताल में एक दिन पूर्व जन्मी बच्ची की वैक्सीनेशन के बाद तबीयत बिगड़ी और कुछ ही देर में मौत हो गई। परिवार वालों ने गलत इंजेक्शन से मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। सीएमएस भी मौके पर पहुंच गए। परिजन ने स्टाफ के व्यवहार को लेकर भी आरोप लगाए। जिसे लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई लेकिन शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी है।

बताते हैं कि शहर के मोहल्ला देशनगर की रहने वाली मुस्कान पुत्री इसरार की शादी शाहजहांपुर के रहने वाले फरहद से हुई थी। मुस्कान गर्भवती होने पर पिछले कई दिनों से अपने मायके आकर रह रही हैं। रविवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वालों ने मुस्कान को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर उन्होंने एक पुत्री को जन्म दिया। दूसरे दिन सोमवार सुबह परिवार के अनुसार, स्टाफ नर्स आई और बच्ची को वैक्सीनेशन के लिए अपने साथ दूसरे कमरे में ले गई। इसके कुछ ही देर में बच्ची की तबीयत बिगड़ गई और फिर मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद परिवार का खुशनुमा माहौल मातम में बदल गया। काफी संख्या में परिजन व परिचित जमा हुए और हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि गलत इंजेक्शन लगाए जाने से बच्ची की जान गई है। इसकी सूचना मिलने पर ठेका चौकी प्रभारी मनवीर सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने दोनों पक्षों से घटना के बारे में जानकारी की। परिवार ने कार्रवाई की मांग तो की लेकिन शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि परिवार शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता था। इस पर शव परिजन ले गए। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मौका देखकर भाग गई स्टाफ नर्स

परिवार के सदस्यों का बच्ची की मौत के बाद रोकर बुरा हाल रहा। गम और गुस्से के बीच उन्होंने बताया कि मुस्कान के ससुर की तबीयत भी खराब चल रही थी। इसीलिए पति वहीं पर रुक गए थे और मुस्कान मायके आ गई थी। बच्ची के जन्म के बाद सोमवार सुबह तक बच्ची की तबीयत पूरी तरह से ठीक थी, लेकिन वैक्सीनेशन के बाद तबीयत बिगड़ी और बच्ची की जान चली गई। उनका कहना है कि बच्ची की मौत के बाद स्टाफ नर्स वैक्सीनेशन रुम को बंद करके भाग गई। ये भी आरोप लगाया कि ऑपरेशन के लिए भी रुपये लिए गए थे।

> बच्ची की मौत का मामला संज्ञान में आया है। सूचना मिलने पर मौके पर गए थे। बच्ची का एक दिन पूर्व जन्म हुआ और फिर सुबह वैक्सीनेशन किया गया था। मौत के पीछे क्या वजह रही ये जांच का विषय है। इसे दिखवाया जाएगा।
>
> – **डॉ. राजेश**, सीएमएस जिला महिला अस्पताल

# महंगी किताबों को लेकर उठी आवाज, जांच कमेटी गठित

- एनसीईआरटी छोड़ निजी प्रकाशनों की किताबें चलाने का आरोप
- अभिभावकों पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ, जांच के दिए गए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : नए शैक्षिक सत्र शुरू होते ही निजी स्कूल वालों ने निजी पब्लिकेशन की किताबें और ड्रेस का दबाव बनना शुरू कर दिया। इसको लेकर अब एक छात्रा ने शिकायत दर्ज कराते हुए अपनी पीड़ा बयां की है। इस पर डीएम के निर्देश पर डीआईओएस ने एक जांच कमेटी गठित की है। जोकि स्कूलों में जाकर किताबों का सत्यापन करते हुए जांच रिपोर्ट देगी।

बता दें कि बरखेड़ा ब्लॉक के बढ़ेपुरा निवासी छात्रा शीतल ने डीएम को ऑनलाइन शिकायती पत्र भेजकर बताया कि अधिकांश निजी विद्यालय एनसीईआरटी की सस्ती और मानक पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशनों की महंगी किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाते हैं। निजी प्रकाशनों की पुस्तकें एनसीईआरटी की तुलना में पांच से दस गुना तक महंगी होती हैं, जिससे मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। साथ ही, प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट और यूपीएससी का आधार एनसीईआरटी होने के बावजूद छात्रों को निजी किताबें पढ़ने के लिए बाध्य किया जाता है, जिससे उनका बुनियादी ज्ञान कमजोर रह जाता है। स्कूलों द्वारा कमीशन के चलते हर साल किताबें बदल दी जाती हैं, जिससे पुरानी किताबें छोटे भाई-बहनों के काम भी नहीं आ पातीं। शिकायत मिलने के बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने डीआईओएस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने तहसील स्तर पर एक जांच कमेटी गठित की है। कमेटी में ड्रमंड कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, इसी कॉलेज के प्रवक्ता सर्वेश गंगवार, कमल मोहन पांडेय, राजेश कुमार गौतम, सुरेश चंद्र वर्मा, राजेश गंगवार, उसमान, सुशील मिश्रा को शामिल किया गया। यह कमेटी स्कूलों में जाकर जांच करेंगे कि छात्रों और एनसीआरटी की किताबें दी जा रही है या फिर निजी पब्लिकेशन की। जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि जांच के दौरान यदि किसी विद्यालय में अनियमितता पाई जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हादसे में बाइक सवार 12वीं के छात्र की मौत, दोस्त गंभीर

- पीलीभीत बीसलपुर मार्ग पर बरखेड़ा क्षेत्र में हुआ हादसा कार से टक्कर की आशंका
- मां पूर्णागिरि धाम दर्शन करने गया था परिवार, पहुंचते ही मिली बेटे की मौत की खबर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : परिवार की गैरमौजूदगी में दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर गए इंटरमीडिएट के छात्र की हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। मां पूर्णागिरि दरबार गए परिवार को हादसे की जानकारी हुई तो वह बिना दर्शन ही अस्पताल पहुंचे। उनका रोकर बुरा हाल रहा। बाइक को टक्कर मारने वाला वाहन कार होने का अंदेशा जताया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बीसलपुर क्षेत्र के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के रहने वाले सुनील कुमार की कॉस्मेटिक की दुकान हैं। वह परिवार के साथ रविवार को उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन करने के लिए गए थे। घर उनका 18 वर्षीय पुत्र इंटरमीडिएट का छात्र हर्षित उर्फ लक्की रुका हुआ था।

बताते हैं कि वह अपने दोस्त हर्ष के साथ बाइक से पीलीभीत चला गया। देर शाम दोनों बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर जिरौनिया गांव के पास पहुंचते ही वह हादसे का शिकार हो गए। बताते हैं कि किसी कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भिजवाया गया।

वहां हर्षित की मौत हो गई, जबकि हर्ष को गंभीर हालत होने पर रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि परिवार वाले मां पूर्णागिरि धाम में पहुंच ही पाए थे कि हादसे की सूचना मिल गई। इस पर बिना दर्शन किए ही सभी सीधे जिला अस्पताल पहुंचे।

यहां बेटे की मौत कीखबर के बाद सभी का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# शिक्षा की अलख घर-घर गूंजे, मन लगाकर करें पढ़ाई

- बिलसंडा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम
- रैली निकाली और नि:शुल्क पुस्तक का किया वितरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


जागरूकता रैली में शामिल जनप्रतिनिधि और बीएसए। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलसंडा पर सोमवार को स्कूल चलो अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय रैली निकाली गई और निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बिलसंडा दिनेश कुमार गुप्ता, बीएसए रोशनी सिंह रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके कराई। पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय बिलसंडा के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तके बांटी गई। बीएसए ने कहा कि विभाग का लक्ष्य है स्कूल न जाने वाले सभी बच्चे गांव के स्कूल में नामांकित हो। सरकार निशुल्क शिक्षा, पाठ्य पुस्तके, मिड डे मील जैसी तमाम योजनाएं चला रही है।

छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की और शिक्षकों को निर्देशित किया कि किसी भी बस्ती, मोहल्ले, गली का कोई बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ने से न रह जाए। चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्ता ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बीएसए के आग्रह पर चेयरमैन ने आश्वस्त किया कि जल्द ही नगर क्षेत्र के सभी विद्यालयों में डेस्क बेंच उपलब्ध करा दी जाएगी। बच्चों से अपील की गई कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। शिक्षा की अलख घर घर गूंजनी चाहिए, इसलिए कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। विधायक ने कहा कि अगर विधान सभा क्षेत्र के किसी भी विद्यालय में डेस्क बेंच नहीं है तो उस विद्यालय में डेस्क बेंच उपलब्ध करा दी जाएगी।

खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य ने भी विचार रखे। इस मौके पर एआरपी सोमपाल राठौर एसओ बिलसंडा सिद्धांत शर्मा, उमेश मिश्रा, गजेंद्र प्रताप, सूरज पाल सिंह, मनोज शर्मा, जितेंद्र कुमार, गोपेश शर्मा, मनोज शर्मा, शिव प्रकाश मिश्रा, मुन्ना, शैलेन्द्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

## पोल्ट्री फार्म में आग लगाने की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के बिझौली गांव निवासी ने अज्ञात व्यक्ति पर उनके चार पोल्ट्री फार्म पर आग लगाकर 20 लाख रुपए के मुर्गी के बच्चों को जलाकर मार दिए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में रोहित कुमार पुत्र वीरेंद्र पाल सिंह ने कहा है कि 29 मार्च को प्रातः 8.15 बजे उनके गांव स्थित चार मुर्गा फार्म में करीब 7100 मुर्गी के बच्चे थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके चारो मुर्गी पालन केंद्र में आग लगा दी, जिससे 20 लाख रुपए की कीमत के मुर्गी के बच्चे जलकर मर गये है। आग लगने की सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तब तक पोल्ट्री फार्म जल चुका था। बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। उन्होंने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## मांग : बीसलपुर में बनवाया जाए 150 बेड का अस्पताल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार और उनके पति भाजपा नेता ने डॉ.रत्नेश गंगवार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। जिसमें बीसलपुर में 150 बेड का अस्पताल बनवाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि कि बीसलपुर जिले की मुख्य तहसील है। यहां से शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली मुख्यालय 45 किलोमीटर दूर है। बीसलपुर में कोई भी सरकारी व प्राइवेट बड़ा अस्पताल नहीं है। ऐसे में जनता को समुचित इलाज नहीं मिल पाता। मुख्यालय तक जाते-जाते कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं। बड़ा अस्पताल बनने से बीसलपुर तहसील की जनता को मुख्यालय तक जाना नहीं पड़ेगा और उनको राहत मिलेगी।













# न्यूज डायरी



## छत छिनने के भय ने किया परेशान जिला अधिकारी से लगाई गुहार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत,अमृत विचार :** छत छिनने के डर के बीच भरा पचपेड़ा गांव के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने दशकों से बसे होने और परिवार की आर्थिक कमजोर स्थिति का हवाला देते हुए उजाड़ने से बचाने की गुहार लगाई। डीएम को दिए गए पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि वह जिस जगह पर बसे हुए हैं, वह आबादी में दर्ज है। इसमें करीब 46 परिवार करीब पांच दशक से बसे हुए हैं। अपना घर बनाकर निवास करते चले आ रहे हैं। मगर अब यूपीसीडा नामक संस्था द्वारा उनके बने हुए घरों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर भय का माहौल बन चुका है। उन्होंने घरों को उजड़ने से बचाने के लिए गुहार लगाई। पत्र देने वालों में रामप्रसाद, लक्ष्मी मंडल, शिवली अधिकारी, सलोक सरकार, बीतिका हीरा, पुष्पा मंडल, तृप्ति मंडल, नमितावाला, पार्वती, अरुण, कौशल्या ढाली, आशावाला, सुमित्रा मजूमदार, सुखदेव आदि थे।

## श्रीराम जन्मोत्सव प्रसंग सुनकर झूम उठे श्रद्धालु

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के देवीस्थान मंदिर परिसर में श्रीराम कथा चल रही है। सोमवार को श्री राम जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। जिसे सुनकर भक्त झूम उठे। परिसर में भक्ति उल्लास और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। फर्रुखाबाद से आए कथाव्यास प्रेममूर्ति पंकज मिश्रा ने भक्तों को भगवान श्री राम के जन्म का अद्भुत वर्णन किया। कहा कि जब जब धरती पर अत्याचार और अधर्म बढ़ा है, तब तब ईश्वर ने धरती पर अवतार लिया है। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम ने अधर्मियों और राक्षसों का विनाश करने के लिए राजा दशरथ के यहां अवतार लिया था। उन्होंने बाल्यकाल में गुरु वशिष्ठ के यहां शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान पा लिया था। प्रभु श्रीराम जीवन का अनुसरण कर हमे सत्य और मर्यादा का पालन करना चाहिए ।कथा के दौरान भजनों को सुन भक्त झूम उठे। चारों ओर जय श्री राम के उद्घोषों से वातावरण भक्ति मय हो गया। आसपास क्षेत्र से आए लोगों ने कथा का रसपान किया।





## सर्वर की सुस्ती ने बढ़ा दी मरीजों और दिव्यांगों की परेशानी

**पीलीभीत,अमृत विचार :** स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल बनाने की कवायद जमीनी हकीकत में मरीजों के लिए मुसीबत बनती नजर आ रही है। मेडिकल कॉलेज में ऑनलाइन पर्चा और सीएमओ की ओर से संचालित दिव्यांग पंजीकरण शिविर में सर्वर की सुस्ती ने लोगों को घंटों कतारों में खड़ा रहने को मजबूर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल (मेडिकल कॉलेज) में भी ऑनलाइन पर्चा व्यवस्था भी मरीजों पर भारी पड़ी। सोमवार को सर्वर की धीमी गति और तकनीकी खामियों के चलते ओपीडी और आयुष विंग में संचालित दिव्यांग कैंप में पंजीकरण काउंटरों पर लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह से ही मरीज पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लग गए, लेकिन प्रक्रिया इतनी धीमी रही कि कई लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग और दूरदराज से आए मरीजों को झेलनी पड़ी, जो लंबे समय तक खड़े रहने में असमर्थ दिखे। मरीजों का कहना था कि डिजिटल सुविधा का लाभ मिलने के बजाय उल्टा समय और परेशानी बढ़ रही है। उधर, सीएमओ कार्यालय की ओर से आयुष विंग में संचालित दिव्यांग पंजीकरण शिविर में भी हालात कुछ अलग नहीं रहे। दिव्यांगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



## बरात घर में महर्षि कश्यप की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के एक बरात घर में महर्षि कश्यप जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें धूमधाम से जयंती मनाई गई। इसमें महिला आयोग सदस्य उत्तराखंड सरकार कंचन कश्यप बतौर अतिथि शामि हुई। पूर्व मंत्री हीरालाल कश्यप भी पहुंचे। महर्षि कश्यप के आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही और समाज को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। लघु उद्योग रेहड़ी पटरी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नंद किशोर कश्यप ने भी महर्षि कश्यप के जीवन पर विचार व्यक्त कर समाज को प्रेरित किया। बड़ी संख्या में कश्यप समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जहर खाने से महिला की गई जान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा के गांव भौवापुर निवासी रजनीश की 35 वर्षीय पत्नी अनीता ने रविवार की देर रात जहर खा लिया। बताते हैं कि घटना की जारी होने पर परिजन आनन-फानन में अनीता को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम पहुंचे मृतका के पति रजनीश ने बताया कि वह लखनऊ में काम करता है, उसकी शादी को महज चार माह भी नहीं बीते थे। पत्नी ने अज्ञात कारणों के चलते शौचालय में सफाई करने के लिए रखा पदार्थ पी लिया, इससे उसकी मौत हो गई। बताया कि घटना से पहले उसकी अनीता से अच्छे से बात हुई थी, लेकिन इस घटना के बारे में कोई अंदेशा नहीं था।

### पिटाई से महिला का सिर फूटा

**निघासन, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हरसरनपुरवा गांव निवासी संगीता ने बताया कि वह सुबह अपने घर के पास नीम के पेड़ में गाय बांध रही थी। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग आ गए और उसकी गाय को मारने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। मारपीट में उसका सिर फूट गया और हाथ की हड्डी भी टूट गई। जब उसका पति बचाने आया तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया। घटना के बाद से आरोपी लगातार गाली-गलौज और धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्चों के विवाद में महिला से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** धौरहरा कोतवाली के गांव डिहुआ कलां निवासी जोशिना पत्नी राजेश वर्मा ने बताया कि गांव के ही बिरजू व उनकी पत्नी सुनीता बच्चों के विवाद को लेकर आए दिन उसे गालियां देते थे। आरोप है कि रविवार को दोनों ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा और धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसआई संजय कुमार सिंह को सौंप दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कचहरी में सुरक्षा फेल: वकीलों के बीच खूनी संघर्ष, पुलिस लापता

## तमंचा भी कोर्ट परिसर तक पहुंच गया पर सुरक्षा कर्मियों को नहीं लगी भनक, जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री ने भी पुलिस पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिस कचहरी में न्याय की उम्मीद लेकर लोग आते हैं, वही सोमवार को अराजकता का अड्डा बन गई। सुरक्षा के तमाम दावे उस वक्त खोखले साबित हो गए जब दिनदहाड़े अधिवक्ताओं के बीच खूनी संघर्ष होता रहा, गोली चल गई, लेकिन पुलिस का कहीं अता-पता नहीं था। करीब आधे घंटे तक खुलेआम हंगामा चलता रहा और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आई। हैरत की बात यह है कि तमंचा भी कोर्ट परिसर तक पहुंच गया, लेकिन सुरक्षा कर्मियों को भनक तक नहीं लगी। इससे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कचहरी परिसर और जिला न्यायालय परिसर आपस में जुड़ा हुआ है। जिला न्यायालय परिसर के गेटों पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं, लेकिन उनका ध्यान आने-जाने वाले वादकारियों पर कम और मोबाइल पर अधिक रहता है। पास से सटे जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय के आसपास स्थित स्थित कचहरी परिसर में डीएम कोर्ट के साथ ही सभी एसडीएम की अदालतें हैं। यहां पर भी सुरक्षा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है।

कचहरी और जिला न्यायालय परिसर, जहां हर समय सख्त निगरानी की जरूरत होती है, वहां हालात इतने बदतर हैं कि सुरक्षाकर्मी अपनी जिम्मेदारियों से बेपरवाह दिखे। गेटों पर तैनात पुलिसकर्मी मोबाइल में व्यस्त रहे और कोर्ट परिसर में कानून की धज्जियां उड़ती रहीं। सवाल यह है कि जब सुरक्षा घेरा इतना कमजोर है तो आम वादकारी आखिर किस भरोसे यहां आए? घटना की शुरुआत मामूली कहासुनी से हुई, लेकिन देखते ही देखते यह खूनी संघर्ष में बदल गई।

वकालत कर रहे दो चचेरे भाइयों के बीच पुराना पारिवारिक विवाद इस कदर भड़का कि लात-घूंसे, हेलमेट और जंजीरों से हमला होने लगा। हालात तब और भयावह हो गए जब अचानक गोली चल गई और अधिवक्ता जितेंद्र राज के सीने में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। इस पूरी घटना ने कचहरी परिसर को दहशत और अफरा-तफरी में झोंक दिया। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि इतनी बड़ी वारदात के दौरान कोई भी सुरक्षाकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। बताया जाता है कि आरोपी पक्ष खुलेआम गोली चलाकर डीएम कोर्ट के सामने से होते हुए फरार हो गया और वहां पर सुरक्षा में लगे दो जवान मूकदर्शक बने रहे। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सुरक्षा तंत्र की खुली नाकामी है। हैरत की बाद यह है कि कड़ी सुरक्षा के दावों के बावजूद अवैध असलहा कचहरी के अंदर तक पहुंच गया। यह साफ संकेत है कि चेकिंग व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है। अगर यही हाल रहा तो कचहरी परिसर कभी भी बड़ी वारदात का केंद्र बन सकता है। इस घटना के बाद अधिवक्ताओं में जबरदस्त आक्रोश है। उनका कहना है कि जब न्यायालय परिसर ही सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है।

**सुरक्षा व्यवस्था मजाक बनी: मथुरा प्रसाद अवस्थी :** जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री मथुरा प्रसाद अवस्थी ने प्रशासन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि यह घटना कोई अचानक हुई चूक नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने साफ कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग से तत्काल कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

**आईजी पहुंचे, घटनास्थल का लिया जायजा :** कचहरी में दो अधिवक्ता भाईयों के बीच पारिवारिक विवाद में हुए गोलीकांड की जानकारी मिलते ही राजधानी लखनऊ तक हड़कंप मच गया। शाम करीब छह बजे लखनऊ परिक्षेत्र के आईजी जोन किरण एस लखीमपुर पहुचे। उन्होंने एसपी डॉ. ख्याति गर्ग के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना को लेकर आईजी ने वकीलों से भी बातचीत कर जानकारी ली।



घटना स्थल पर जाती एसपी डॉ. ख्याति गर्ग। ● अमृत विचार



निरीक्षण के बाद घटना की जानकारी लेती डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार



घटनास्थल का निरीक्षण करते आईजी किरण यश। ● अमृत विचार

### असलाह वैध था या अवैध पुलिस कर रही जांच

कचहरी में हुए गोलीकांड के बाद मौके पर मची पुलिस ने आसपास के अधिवक्ताओं से बातचीत कर यह जानने की कोशिश की कि घटना में प्रयुक्त असलाह अवैध था या फिर कोई लाइसेंसी असलहा। इसको लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। एसपी ने बताया कि इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि घटना में प्रयोग होने वाला तमंचा वैध था अवैध।

### प्रशासन अलर्ट बढ़ाई कड़ी निगरानी

अधिवक्ता गोली कांड के बाद पुलिस और प्रशासन काफी सतर्क हो गया है। वह घटना पर कड़ी नजर रख रही है। जिला अस्पताल पहुंची डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को सीएमएस डॉ.आरके कोली ने बताया कि घायल को सीने के निचले हिस्से में गोली लगी है और हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। डीएम-एसपी ने अपनी मौजूदगी में एएलएस एंबुलेंस के जरिए घायल को लखनऊ रवाना कराया और बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। वहीं आरोपी की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि घटना के प्रत्येक पहलू की गहन जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### कराहता रहा जितेंद्र राज, बाइक से पुलिस ले गई अस्पताल

चचेरे भाई की गोली लगने से घायल अधिवक्ता जितेंद्र राज को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं की। गोलीकांड की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इतनी तेजी दिखाई कि उसने एंबुलेंस को बुलाना मुनासिब नहीं समझा। घायल को बाइक पर ही बैठाकर जिला अस्पताल पहुंच गए। बाइक पर बैठा घायल जितेंद्र दर्द से कराह रहा था। उसने रुमाल रखकर जख्म को शायद इसलिए दबा रखा था कि अधिक खून न निकल सके और उसकी जान बच सके। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस मौके पर एंबुलेंस को बुला लेती तो जितेंद्र को प्राथमिक उपचार मिल जाता और वह भारी दर्द से नहीं तड़पता।

# मंदिर के बाहर पत्नी को छोड़कर पति फरार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 5 लाख नकद और सोने की चेन की कर रहे मांग

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला बहादुरनगर निवासी एक विवाहिता ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति उसे मारपीट कर मंदिर के बाहर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता विद्या देवी ने बताया कि उसका शादी 8 जुलाई 2022 को आदित्य कुमार उर्फ दीपक निवासी ज्ञानपुर के साथ हुई थी। विवाह में उसके परिजनों ने करीब 10 लाख रुपये का दहेज दिया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। आरोप है कि पति, सास और ससुर अतिरिक्त दहेज में 5 लाख रुपये नकद और एक सोने की चेन की मांग करते हुए उसे लगातार ताने देते और मारपीट करते थे।

अक्टूबर 2025 में मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था, जिसके बाद वह करीब चार महीने तक मायके में रही। बाद में रिश्तेदारों के हस्तक्षेप से सुलह कर उसे दोबारा ससुराल भेजा गया, लेकिन आरोप है कि इसके बाद भी ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। 2 अप्रैल 2026 को पति आदित्य कुमार उसे हनुमान मंदिर गुलरीपुरवा ले जाने के बहाने घर से ले गया।

रास्ते में ही उसने विवाद कर मारपीट शुरू कर दी और गाली-गलौज करते हुए मंदिर के बाहर छोड़कर फरार हो गया। काफी इंतजार के बाद पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना के बाद से ससुराल पक्ष ने उसकी कोई खोज-खबर नहीं ली है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई आदित्य कुमार मौर्य को सौंप दी है।

# स्टेट हाईवे पर कार ने तीन लोगों को मारी टक्कर

संवाददाता, मझगई

**अमृत विचार:** पलिया-निघासन स्टेट हाईवे पर सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे पिरथीपुरवा चौराहे के पास खड़े लोगों को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक आशा कार्यकत्री समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को सीएचसी भेजा गया, जहां से दो घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है।

बताते हैं कि कार पलिया की ओर से काफी तेज आ रही थी, जो पिरथीपुरवा चौराहा के पास



मौके पर खड़ी कार व लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

- आशा कार्यकत्री समेत दो की हालत गंभीर, जिला अस्पताल किए गए रेफर

अचानक अनियंत्रित हो गई और एक होटल के सामने खड़े लोगों से जा टकराई। इस दौरान पिरथीपुरवा निवासी आशा कार्यकत्री प्रीति मौर्य निघासन अस्पताल जा रही थीं, तभी वह हादसे की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनका दाहिना पैर टूट गया। हादसे में गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज निघासन की बीए की छात्रा प्रिया मौर्य को भी गंभीर चोटें आईं। उसके सिर और चेहरे पर गहरी चोटें बताई जा रही हैं। वहीं उसके साथ मौजूद भाई प्रियांशु भी घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को परिजनों की मदद से निघासन सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रीति मौर्य और प्रिया मौर्य की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही मझगईं थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। सिपाही रवि गंगवार और हिमांशु गौतम ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कार चालक सचिन निवासी कंदरहिया पुलिस की हिरासत में है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पत्नी पर किया हंसिए से हमला

संवाददाता, निघासन

- पति व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- महिला मायके जाने के लिए टेंपो पर थी सवार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दिनदहाड़े रास्ते में टेंपो रोककर एक महिला पर उसके ही पति और साथियों ने हंसिए से ताबड़तोड़ वार कर दिए। पेट और हाथ में गहरे घाव होने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को अस्पताल भेजा गया है। घटना ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

थाना सिंगाही के गांव फरदहिया निवासी धर्म कुमारी ने बताया कि उसकी शादी थाना मझगईं के गांव बिचपरी से सात साल पहले हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं, लेकिन इधर कुछ दिनों से उसके और पति अवधेश के बीच विवाद चल रहा था। वह अपने मायके जाने के लिए टेंपो से सफर कर रही थी।

दुबहा में पति अवधेश अपने भाई छम्मी व पांच अन्य लोगों के साथ आ गया और टेंपो को घेर लिया। अचानक हुई इस घटना से चालक और अन्य सवारियों में अफरा-तफरी मच गई।

आरोपियों ने महिला को जबरन टेंपो से नीचे खींच लिया और सड़क पर ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला के अनुसार उसके पति ने हसिया निकालकर उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में उसके हाथ और पेट पर गंभीर चोटें आईं, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ी। आरोप है कि हमलावरों ने उसे बेरहमी से पीटते हुए जान से मारने की धमकी भी दी और काफी देर तक उत्पात मचाने के बाद मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने किसी तरह घायल महिला को संभाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत कई आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार तिवारी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# 36 गांवों में जमीन की खरीद-फरोख्त एवं नए निर्माण पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एक्सप्रेसवे की जद में आए 36 गांव, जमीन की खरीद-फरोख्त और निर्माण पर रोक
- एक्सप्रेस-वे की जद में आए सदर व मितौली तहसील के गांव में लगा प्रतिबंध

**अमृत विचार:** प्रस्तावित शामली-गोरखपुर हाईस्पीड एक्सप्रेस-वे को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सदर और मितौली तहसील क्षेत्र के 36 गांवों में जमीन की खरीद-फरोख्त और नए निर्माण कार्यों पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गई है। इनमें शहर से सटे कई गांव भी शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि अभी भूमि अधिग्रहण की औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है, लेकिन स्वीकृत डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) के आधार पर गांवों का चिन्हांकन कर लिया गया है।

प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रस्तावित मार्ग पर किसी भी प्रकार का नया निर्माण या जमीन का लेन-देन न हो, ताकि भविष्य में अधिग्रहण प्रक्रिया के दौरान विवाद की स्थिति न बने। गौरतलब है कि शामली से गोरखपुर के बीच प्रस्तावित यह हाईस्पीड एक्सप्रेस-वे जनपद के गोला, मितौली और मोहम्मदी तहसील क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। एक्सप्रेस-वे के निर्माण से क्षेत्र में यातायात सुगम होने के साथ विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

अनुमान है कि इसकी जद में जिले के करीब 60 गांव आ सकते हैं। फिलहाल अधिसूचना जारी होने के बाद ही यह पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगा कि किन-किन गांवों में कितनी और किसकी जमीन अधिग्रहित की जाएगी। कुछ स्थानों पर एनएचएआई द्वारा प्रारंभिक सीमांकन भी किया जा चुका है।

### 22 जिलों से होकर गुजरेगा एक्सप्रेस-वे

शामली-गोरखपुर हाईस्पीड एक्सप्रेस-वे प्रदेश के 22 जिलों से होकर गुजरेगा। इनमें शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ, अमरोहा, बिजनौर, संभल, बरेली, रामपुर, बदायूं, हरदोई, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, लखनऊ, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर और गोरखपुर शामिल हैं। इस एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई लगभग 700 से 750 किलोमीटर के बीच प्रस्तावित है।

### सदर तहसील के इन गांवों में लागू है रोक

लखीमपुर शहर से सटे जिन गांवों में रोक लगाई गई है, उनमें डिम्हौरा, मरखापुर, कोढ़ैया, सरखनपुर, महमदाबाद, पिपरिया अंडू, सैदपुर, करनपुर, कादीपुर, मूसेपुर खुर्द, मूसेपुर कलां, गौरिया, कोटखेरवा, हसनापुर, ओयल, सरैंया, पेन्योरा, गुठना बुजुर्ग, बेलवा, सराय सूरज, मूड़ा धामू, टीकर, टुसरू, चक कमलापुर, रमई मुबारकपुर, बैरागर, परसेहरा ओयल और फतेपुर शामिल हैं।

### मितौली तहसील के ये गांव भी शामिल

मितौली तहसील के हुसैनपुर, सल्लिहाबाद, किशुनपुर, मूड़ा बुजुर्ग, प्रतापपुर, सनिगवां, नौरंगपुर, अतरौली, पुरैना और नैनेपारा गांवों में भी जमीन की खरीद-बिक्री और निर्माण कार्यों पर रोक लागू की गई है।

> डीएम के निर्देश पर एनएचएआई की बहराइच इकाई द्वारा तैयार डीपीआर के आधार पर 26 गांवों में विक्रय पत्रों के निष्पादन, भूमि उपयोग परिवर्तन और अनधिकृत निर्माण पर रोक लगाई गई है। गजट अधिसूचना जारी होने के बाद गाटा संख्या के अनुसार स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।
>
> **-मुकेश कुमार वर्मा,** तहसीलदार सदर।

# जिले को मिली मुंबई को सीधी रेल सुविधा



कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एक माह चलेगी गोमतीनगर से बांद्रा टर्मिनस तक साप्ताहिक ट्रेन
- हर सोमवार बांद्रा के लिए होगी रवाना, गुरुवार को आएगी लखीमपुर

**अमृत विचार:** जिले वासियों को मुंबई जाने के लिए बड़ी राहत मिली है। रेलवे ने एक माह के लिए गोमतीनगर से बांद्रा टर्मिनस तक साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन हर सोमवार और गुरुवार को लखीमपुर होकर गुजरेगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार के अनुसार, 05033/05034 गोमतीनगर-बांद्रा टर्मिनस-गोमतीनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन गोमतीनगर से 6 अप्रैल से 11 मई तक प्रत्येक सोमवार और बांद्रा टर्मिनस से 7 अप्रैल से 12 मई तक प्रत्येक मंगलवार को किया जाएगा। 05033 ट्रेन सोमवार को गोमतीनगर से दोपहर 14:00 बजे प्रस्थान कर डालीगंज (14:50), सीतापुर (16:02) होते हुए लखीमपुर (16:38) पहुंचेगी और आगे मैलानी (17:42) के लिए रवाना होगी।

इसके बाद यह ट्रेन पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज, मथुरा जंक्शन, भरतपुर, गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम, बड़ोदरा, बलसाड़ और बोरीवली होते हुए बांद्रा टर्मिनस रात 20:00 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05034 ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से मंगलवार रात 23:00 बजे चलकर गुरुवार को 02:40 बजे मैलानी, 03:15 बजे लखीमपुर, 04:00 बजे सीतापुर, 07:00 बजे डालीगंज होते हुए 07:45 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी।

### गोरखपुर-लालकुआं साप्ताहिक ट्रेन के फेरे जुलाई तक बढ़े

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 05009/05010 गोरखपुर-लालकुआं-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के संचालन को 10 और 11 जुलाई तक बढ़ा दिया है। 05009 गोरखपुर-लालकुआं ट्रेन 10 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 17:05 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बस्ती, गोंडा होते हुए अगले दिन रात 12:05 बजे लखीमपुर, 12:37 बजे गोला, 01:35 बजे मैलानी पहुंचकर सुबह 08:00 बजे लालकुआं पहुंचेगी। वहीं, 05010 लालकुआं-गोरखपुर ट्रेन 11 अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी। यह लालकुआं से सुबह 10:00 बजे प्रस्थान कर मैलानी (16:20), गोला (17:10), लखीमपुर (17:32), सीतापुर (18:45) होते हुए गोरखपुर रात 01:15 बजे पहुंचेगी।

# बारिश से हुए नुकसान के आकलन को पहुंचे अधिकारी



आंधी बारिश से फसल को हुए नुकसान के आकलन को खेतों पर पहुंचे अफसर।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बेमौसम बारिश और तेज आंधी-तूफान से हुए फसलों के नुकसान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूरे प्रशासनिक अमले को खेतों पर रवाना कर दिया। पूरे जिले में व्यापक स्तर पर निगरानी और मौके पर मुआयना कर रिपोर्ट संकलित कराई जा रही है।

तहसील स्तर पर प्रशासनिक टीमें लगातार भ्रमणशील रहीं। गोला, पलिया, लखीमपुर, मितौली, धौरहरा, मोहम्मदी और निघासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया, किसानों से बातचीत की और मौके पर स्थिति को परखा। अफसरों ने मौके पर ही हालात का आकलन कर जरूरी निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने फील्ड से मिल रही सूचनाओं की लगातार मॉनिटरिंग की। हालात सामान्य के बावजूद प्रशासन ने चौकसी में कोई ढिलाई नहीं की।

# डॉक्टर पर रुपये हड़पने का आरोप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- डॉक्टर ने बताया रुपये लेने का आरोप निराधार
- गंभीर हालत में अस्पताल आया मरीज बिल्कुल ठीक

**अमृत विचार:** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव सेमरई निवासी वीरेंद्र कुमार दीक्षित ने अपनी पत्नी के इलाज में लापरवाही और डॉक्टर पर रुपये लेने का आरोप लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वहीं अस्पताल के डॉक्टर ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि मरीज गंभीर हालत में आया था। अस्पताल में तीन चार दिन इलाज होने के बाद बिल्कुल ठीक होकर मरीज स्वेच्छा से अपने घर गया है। उनके परिजन य मरीज दोबारा यहां नहीं आए हैं। अगर उन्हें इलाज संबंधी कुछ शिकायत है तो अस्पताल आए उनका और बेहतर इलाज किया जाएगा।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मरीज के पति ने नगर के सिनेमा रोड स्थित एक निजी अस्पताल के डॉ. सचिन वर्मा पर इलाज में लापरवाही और रुपया लेने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी पत्नी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी, जिनका पैर टूट गया था। परिजनों ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। वह मरीज को सिनेमा रोड स्थित एक निजी अस्पताल लाए। आरोप है कि पैसे खत्म होने पर इलाज रोक दिया गया, जिसके चलते मजबूरी में मरीज को घर ले जाना पड़ा।

> नगर के निजी हॉस्पिटल जहां का वीडियो वायरल हो रहा है, यह डॉ. सचिन वर्मा का है। इस वायरल वीडियो के मामले में जांच की जाएगी।
>
> **-डॉ. गणेश कुमार** अधीक्षक सीएचसी।

प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालक डॉ. सचिन वर्मा ने बताया कि मरीज के पैर में इंफेक्शन होने के वजह से पस बन गई थी। उन्होंने मरीज का इलाज किया, जिससे तीन दिन में घाव सूख गया। मैरिज रिकवर हो गया।

मरीज के परिवार के लोग बिना बताए ही दूसरे दरवाजे से मरीज को लिए चले गए। गरीब होने के चलते मरीज का बेड चार्ज, नर्सिंग चार्ज आदि के रुपए छोड़ दिए गए थे। दवा के पैसे बाकी हैं। उन्होंने दवा के रुपए भी नहीं दिए हैं। वायरल वीडियो में कहीं मरीज का न तो फोटो है और न ही उनकी बात। मरीज ने पहले कहां ऑपरेशन कराया, कैसे कराया, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने मरीज का बेहतर इलाज किया है। वह बिल्कुल ठीक है अगर कोई परेशानी है तो अस्पताल आएं, उनका बेहतर इलाज किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पानी रोकने के विरोध पर महिला को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना शारदा नगर के गांव लोधपुरवा मौजा कोठिया निवासी फूलमती पत्नी मटरू राजपूत ने बताया कि विपक्षी सखन और जगदीश ने उसकी दीवार से सटाकर जबरन पिलर खड़ा कर दिया। इससे घर का पानी निकलने का रास्ता बाधित हो गया, जिससे उसे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार की शाम करीब 8 बजे इसका विरोध किया, तो विपक्षियों ने उसे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। इससे उसके मुंह से खून निकलने लगा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल महिला को अस्पताल भेजा है।

### मिल बंदी का पहला नोटिस जारी

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल पेराई सत्र 2025-26 की बंदी की पहली सूचना जारी कर दी है। मुख्य गन्नाधिकारी उदय भान सिंह ने बताया कि मिल को क्षुता के अनुरूप गन्ना नहीं मिल पा रहा है। 31 क्रय केंद्रों में से 8 वाहय क्रय केंद्र गन्ना आपूर्ति कर बन्द हो चुके है। शेष 22 वाह्य क्रय केंद्र पर मिल गेट को छोड़कर गन्ने की खुली खरीद की जा रही है। इसके बाद भी मिल को क्षमता के अनुरूप गन्ना पेराई हेतु नही मिल पा रहा है। इसको देखते हुए 8 अप्रैल को मिल बंदी होने की सूचना जारी की गई है। जिस किसान के पास गन्ना हो वो 8 अप्रैल तक गन्ना आपूर्ति कर दे।

### डॉ. आंबेडकर जयंती पर 14 को होंगे कार्यक्रम

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** संत रविदास/डॉ. बीआर अंबेडकर सेवा संस्थान 14 अप्रैल मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाएगा। संस्थान के मंत्री रामकुमार गौतम ने बताया की 14 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से बुद्ध वंदना, 9 बजे से 11 बजे तक नगर की प्रमुख सड़कों पर प्रभात फेरी और आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 5 बजे तक संस्थान पर सार्वजनिक सभा होगी। बताया कि संस्थान के अध्यक्ष शिव भगवान की अध्यक्षता में होने वाले समारोह के मुख्य अतिथि अमान गिरि विधायक होंगे।

# सांस्कृतिक मंच पर युवा प्रतिभाओं ने बिखेरा अपने स्वरों का जादू

## स्वरों की सरगम से सजी चैती की रात, शिवम बने सुरों के सरताज, नगर की प्रतिभाओं ने देर रात तक बांधा समां, पालिका के प्रयास को युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक बताया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गीत गाते शिवम सोनी।


गीत सुनातीं शिवांगी सक्सेना।


कार्यक्रम में भाग लेतीं गायत्री मिश्रा।


गोला में सांस्कृतिक मंच पर अतिथियों संग सीनियर गायन के पुरस्कृत प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** छोटी काशी में आयोजित ऐतिहासिक मेला चैती 2026 के नौवें दिन की रात मानो संगीत की मधुर छांव में ठहर गई। सांस्कृतिक मंच पर सजी सीनियर गायन प्रतियोगिता में नगर की युवा प्रतिभाओं ने अपने स्वरों का ऐसा जादू बिखेरा कि देर रात तक श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुरों की यात्रा में डूबे रहे।

मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष बजाज पब्लिक स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य विनय प्रकाश शुक्ला, विशिष्ट अतिथि पूर्व सभासद विश्वनाथ राजपूत ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच देते हैं, बल्कि समाज में सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त करते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ राजपूत ने नगर पालिका के इस प्रयास को युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। पश्चात जैसे ही मंच पर सुरों की पहली लहर उठी, वातावरण में संगीत की महक घुलने लगी। ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सीनियर गायन प्रतियोगिता की शुरुआत साक्षी तिवारी ने जिन्दगी प्यार का गीत है इसे हर दिल को गाना पड़ेगा।

शिवांगी सक्सेना ने ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं, शिवम सोनी ने किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है, आशीष कुमार ने मिलने की

- **नगर की युवा प्रतिभाओं ने अपने स्वरों से देर रात तक समां बांधा**

तुम कोशिश करना वादा कभी न करना, गायत्री मिश्रा ने दिल तो है दिल दिल का ऐतबार क्या कीजै, कोमल भारती ने जिस पथ पे चला उस पथ पे मुझे, अनुराग सिंह ने जिन्दगी हर कदम एक नई जंग है, यशवर्धन ने हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम, कृष्णा ने प्यार दीवाना होता है, आमिर ने प्यासी ही रह गयी मोहब्बत की आरजू, पलक मिश्रा ने पुरवा सुहानी आई रे आई पुरवा गीत गाकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अमन कुमार के गीत एहसान तेरा होगा मुझपर से आरंभ हुई यह सुर-सरिता पवन शुक्ला, साजन सिंह, साक्षी तिवारी, शिवांगी सक्सेना और अन्य प्रतिभागियों के मधुर स्वरों से बहती रही। हर प्रस्तुति मानो भावनाओं का एक नया रंग लिए थी कहीं प्रेम की कोमलता, तो कहीं विरह की टीस, तो कहीं भक्ति की निर्मल धारा।

जब शिवम सोनी ने किसी नजर को तेरा इंतजार गाया, तो जैसे पूरा पंडाल एक क्षण को थम गया। उनके स्वर में ऐसी गहराई और संवेदना थी कि श्रोताओं की तालियों ने देर तक गूंजकर उनकी प्रस्तुति को अमर कर दिया। भक्ति, प्रेम और जीवन के विविध रंगों से सजी इस संगीतमयी संध्या में गायत्री मिश्रा, कोमल भारती, अनुराग सिंह, यशवर्धन, आमिर, पलक मिश्रा, स्वाती और अन्य प्रतिभागियों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को सुरमयी बना दिया। पंजाबी सिंगर प्रीत सिंह के विशेष कार्यक्रम ने उत्साह में और रंग भर दिए।

प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होते ही तालियों की गूंज के बीच शिवम सोनी को प्रथम, शिवांगी सक्सेना को द्वितीय और गायत्री मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया, वहीं सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना भी की गई। संचालन संजीव दीक्षित ने किया।

**चैती मेला में आज**

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सात अप्रैल मंगलवार को पंजाबी नाइट सायं सात बजे से।

सभासद साहिद अंसारी, राजेश वर्मा, आशीष अवस्थी, हर्ष अवस्थी, इजरान अहमद, रज्जन खान, अनिल गुप्ता, नामित सभासद गीता विश्वकर्मा, सूर्य प्रताप सिंह सहित पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हादसे में आशा कार्यकत्री की मौत, तीन अन्य घायल

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचारः** रविवार रात गोला से चैती मेला देखकर ई-रिक्शा से घर लौट रहीं आशा कार्यकत्री की नेशनल हाईवे 730 गोला खुटार मार्ग पर हुए सड़क हादसे में मौत हो गई, ई-रिक्शा में सवार 3 अन्य महिलाएं घायल हो गईं।


मृतका रीता यादव।

थाना मैलानी के गांव महुरेना निवासी वीरेंद्र सिंह यादव की पत्नी रीता यादव (38) पड़ोसी महिलाओं के साथ गोला में चैती मेला देखने गईं थीं। मृतका बांकेगंज क्षेत्र में आशा कार्यकत्री के पद पर कार्यरत थीं। बताया जा रहा है कि रविवार देर रात 8 बजे बाबा जय गुरुदेव आश्रम के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। जिससे सिर के बल सड़क पर गिर गईं और गंभीर चोटें आईं। घायलों को बांकेगंज सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रीता यादव को मृत घोषित कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय क्षेत्र में हल्की बारिश और आंधी चल रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे का एक पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया। ई-रिक्शा चालक डाल से बचने की कोशिश कर रहा था, तभी ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। अन्य सवार महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मैलानी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर है।

# रातभर सड़क किनारे पड़ा रहा युवक, मौत

- **सुबह राहगीरों ने देखा तो दी पुलिस को सूचना**

संवाददाता, उचौलिया


घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण व पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में रविवार की रात आए खराब मौसम ने एक मजदूर की जान ले ली। नशे की हालत में घर लौट रहा युवक रास्ते में गिर गया और पूरी रात सड़क किनारे पड़ा रहा। सोमवार सुबह उसका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।


उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर रतनपुर निवासी बृजपाल पुत्र राज बहादुर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अविवाहित था और परिवार भूमिहीन होने के कारण मजदूरी ही आजीविका का सहारा थी। परिजनों के मुताबिक बृजपाल को शराब पीने की लत थी और वह रोजाना काम के बाद शराब का सेवन करता था। रविवार शाम को भी वह मोहद्दियापुर से शराब पीकर घर लौट रहा था। आशंका जाहिर की जा रही है कि इसी दौरान मोहद्दियापुर-बरखेड़ा मार्ग पर हुल्लापुरवा मोड़ के पास वह सड़क किनारे गिर पड़ा।

खराब मौसम और नशे की हालत के चलते वह उठ नहीं सका और पूरी रात वहीं पड़ा रहा। सोमवार सुबह जब राहगीरों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने शव की पहचान कराई। सूचना मिलते ही मृतक के भाई पप्पू, लालजी और राजू भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों द्वारा पुलिस को तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नशे में गिरकर पड़े रहने से मौत का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# जलपरी का शो बना मेले का आकर्षण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** चैती मेले में जलपरी का शो युवाओं के लिए मेले में आकर्षण का केंद्र बना है। शीशे के टैंक में अद्भुत कलाबाजी लोगों को लुभा रही है, जिसके चलते वहां काफी भीड़ जुट रही है।


पानी भरे जार में प्रदर्शन करती कलाकार।

चैती मेले में एक ओर सांस्कृतिक मंच पर विभिन्न कार्यक्रम का लोग आनंद ले रहे हैं, वहीं मेले में पहली बार लगा जलपरी का शो सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बना है। पानी भरे शीशे के जार में कलाबाजी का हर कोई आनंद लेना चाह रहा है। मेला घूमने आईं लक्ष्मी नगर कॉलोनी की नीलम कश्यप, अर्चना, निखिल कश्यप ने बताया कि जलपरी का शो बहुत अच्छा लगा।

अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी परिवार संग आए संजय कुमार ने बताया कि पानी भरे शीशे के जार में मछली की तरह तैरती जलपरी का अंदाज काफी अच्छा लगा। बच्चों ने उससे हाथ मिलाए। महिला कलाकार पानी के अंदर 10 से 12 सेकेंड सांस रोककर प्रदर्शन करती हैं। शो लगभग पांच मिनट चलता है। यहां लोगों की खासी भीड़ लग रही है।

# कैरियर को लेकर छात्रों को मिली नई दिशा

संवाददाता, निघासन

- **महाविद्यालय में काउंसलिंग बैठक में 25 कॉलेजों के छात्रों ने लिया भाग**

**अमृत विचारः** डॉ. भीमराव आंबेडकर तराई किसान महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग को लेकर एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्र के करीब 25 इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

महाविद्यालय के डॉ. एमडी सुबोध मिश्रा ने कहा कि अक्सर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के बाद छात्र अपने करियर को लेकर भ्रमित रहते हैं और सही निर्णय नहीं ले पाते। ऐसे में उन्हें समय रहते सही मार्गदर्शन मिलना बेहद जरूरी है।

उन्होंने छात्रों को पॉलिटेक्निक और आईटीआई जैसे तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर इंजीनियरिंग क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी। पॉलिटेक्निक के डॉ. आलोक मिश्रा ने भी छात्रों को करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं, कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य पायल राय ने छात्राओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे भी तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं और इंजीनियर बनने का सपना साकार कर सकती हैं। डॉ. सुबोध मिश्रा ने छात्राओं की शिक्षा पर भी जोर देते हुए बताया कि अधिक फीस के कारण कई बालिकाएं पढ़ाई से वंचित रह जाती हैं।

# अदलाबाद के मंगल सिंह बने समीक्षा अधिकारी

**निघासन,अमृत विचारः** अदलाबाद निवासी डॉ. मंगल सिंह यादव का समीक्षा अधिकारी पद पर चयन हुआ है। इससे परिवार और क्षेत्र में खुशी है। डॉ. सिंह के पिता पैकरमादीन यादव साधारण किसान हैं। चार भाइयों में वह सबसे बड़े हैं। उनके एक भाई अध्यापक हैं, जबकि अन्य भाई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। मंगल सिंह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और परिवार को देते हैं। परिवार के कई सदस्य विभिन्न सरकारी पदों पर कार्यरत हैं, जिनमें इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, प्रोफेसर, शिक्षक, जूनियर इंजीनियर और विभिन्न मल्टिनेशनल कंपनियों में कार्यरत इंजीनियर शामिल हैं। उनकी सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।


मंगल सिंह।

# किसान जागरूकता, संचारी रोग नियंत्रण कैंप आयोजित


भुड़वारा में ग्रामीणों को जागरूक करतीं आफरीन खान। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुकरा

- **फार्मर रजिस्ट्री कराने पर दिया गया जोर**

**अमृत विचारः**ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत भुड़वारा में उस्मान खान के आवास पर एक विशेष जागरुकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

ब्लॉक बांकेगंज प्रशासन के निर्देशन में आयोजित कैंप का मुख्य उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं एवं जरूरी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था। कैंप में तैनात अधिकारी आफरीन खान ने गांव गांव जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो किसान समय रहते फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाएंगे, वह खाद, सब्सिडी और कृषि ऋण जैसी सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं। आफरीन खान ने अब तक 10 से अधिक गांवों में जागरूकता कैंप आयोजित कर किसानों को लाभान्वित किया है।

# मंजू को मिला हरियाली मित्र सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर


हरियाली मित्र सम्मान प्रमाण पत्र प्राप्त करती डॉ. मंजू बरनवाल। ● अमृत विचार

- **छत पर विकसित कर दिया हरभरा उद्यान**
- **पर्यावरण संरक्षण में निभा रहीं सक्रिय भूमिका**

**अमृत विचारः** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए महाराज नगर निवासी एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजू बरनवाल को हरियाली मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पर्यावरण मित्र समूह ने उनके निरंतर हरित प्रयासों और जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित कार्यक्रम को लेकर पूरे जनपद में प्रशासनिक सक्रियता तेज हो गई है। खासतौर पर चन्दनचौकी क्षेत्र को केंद्र में रखते हुए सुरक्षा और व्यवस्थाओं की ऐसी व्यापक योजना लागू की जा रही है, जिसमें किसी भी स्तर पर चूक की गुंजाइश न रहे। संभावित कार्यक्रम स्थल सरस्वती विद्या मंदिर के पास चिन्हित किया गया है, जहां तेजी से तैयारियां चल रही हैं। कार्यक्रम को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए हेलीपैड का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जबकि उससे करीब 100 मीटर की दूरी पर मुख्य मंच तैयार किया जा रहा है। इस पूरे क्षेत्र को सुरक्षा के लिहाज से अलग-अलग जोन में विभाजित किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड, सभा स्थल, पार्किंग, वीआईपी रूट, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट, सेफ हाउस और सेफ हॉस्पिटल का बारीकी से जायजा लिया। एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पॉइंट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और एंटी-सबोटाज जांच को पूरी गंभीरता से किया जाए। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विशेष योजना बनाई गई है। यातायात पुलिस को डायवर्जन प्लान तैयार कर उसे प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कार्यक्रम के दौरान जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और वीआईपी मूवमेंट पूरी तरह सुचारु बना रहे।

इसके साथ ही खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार निगरानी रखी जाएगी।

डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं, जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली, बैरिकेडिंग और बैठने की व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने को कहा।

तहसील, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। एसडीएम डॉ अवनीश कुमार सिंह के अनुसार, लगभग सभी व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।


## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 729/पी.आर.ओ./ज.क.वि./न.नि.-शाह/2026 दिनांक : 04.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त स्वीकृति के अनुपालन में नगर निगम, शाहजहाँपुर के जलकल विभाग में नगर निगम सीमान्तर्गत वार्ड सं.-53 मो. रामनगर कालोनी में गुरूदीप सिंह मोंगा से लेकर मन्नू काला के मकान तक पाइप लाइन विस्तार एवं वाटर कनेक्शन का कार्य हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत/अपंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से दिनांक 25.4.2026 को 3:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद्दिनांक 04:00 बजे खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य का निविदा शुल्क नगर निगम, शाहजहाँपुर के बैंक खाता सं.-50200017927485 IFSC कोड-, HDFC 0000869 एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाहजहाँपुर में तथा कार्य की ज़मानत धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं.-50265293184 IFSC कोड- IDIB000C632 इंडियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई-निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। 01 अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

नगर आयुक्त

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, उझानी (बदायूं)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2025-544 दिनांक : 06.04.2026

**कैन्टीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल उझानी में रिक्त 03 नग कैण्टीनों की नीलामी 01.05.2026 से 31.03.2029 तक की अवधि हेतु दिनांक 17.04.2026 को अपरान्ह 12 बजे मण्डी समिति उझानी के कार्यालय सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्म रू. 295.00 नकद जमा कर आवेदन पत्र जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भर कर एवं नियत शर्तों के अनुरूप नकद/एफ.डी.आर./जमानत धनराशि रू. 25000/- समिति कार्यालय में दिनांक 16.04.2026 की सायं 4 बजे तक जमा कर नियत तिथि समय व स्थान पर उपस्थिति होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी की शर्तें एवं नियम किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, उझानी (बदायूं)
सभापति/उपजिलाधिकारी (सदर), कृषि उत्पादन मण्डी समिति, उझानी (बदायूं)

## निविदा सूचना

6.4.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) योजना के अंतर्गत कचरा वाहन (ई-रिक्शा) ग्रा. पं. दजरामपुर वि. ख. इस्लामनगर बदायूं में मानको सहित क्रय किया जाना है। दिनांक 9.4.2026 को 3:00 बजे तक बंद लिफाफे में निविदाएं प्राप्त की जाएगी। प्रधान, सचिव व फर्म प्रतिनिधियों के समक्ष उक्त तिथि को 4:00 बजे खोली जाएगी।

प्रधान सचिव

## पूर्वोत्तर रेलवे

**अधिसूचना सं. सी/99/एस०टी०बी०ए०/इज्जतनगर/2026/04 (यह आवेदन पत्र नौकरी के लिए नहीं है)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा मण्डल के अन्तर्गत 01 (NSG-5) & 01 (NSG-6) रेलवे स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यू०टी०एस०) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों की बिक्री हेतु कमीशन के आधार पर निम्नलिखित स्टेशनों पर एक-एक स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस०टी०बी०ए०) को तीन वर्ष की अवधि हेतु चयन करने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस०टी०बी०ए०) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले स्टेशन का नाम:** बहेड़ी (NSG-5); **एस.टी.बी.ए. कार्य की अवधि:** तीन वर्ष; **आवेदन पत्र मूल्य जीएसटी सहित (रुपये में):** रु० 1,180/-; **बयाना राशि मूल्य (रुपये में):** रु० 5000/-; **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस०टी०बी०ए०) के कार्य की शिफ्ट ड्यूटी:** 24:00 Hr; **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस०टी०बी०ए०) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले स्टेशन का नाम:** हरसिंहपुर गोबा (NSG-6); **एस.टी.बी.ए. कार्य की अवधि:** तीन वर्ष; **आवेदन पत्र मूल्य जीएसटी सहित (रुपये में):** रु० 1,180/-; **बयाना राशि मूल्य (रुपये में):** रु० 2000/-; **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस०टी०बी०ए०) के कार्य की शिफ्ट ड्यूटी:** 24:00 Hr; **आवेदन प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय:** मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य/इज्जतनगर कार्यालय से कार्य दिवस में प्रकाशन तिथि से दिनांक 27.04.2026 तक समय 16:00 बजे तक। **आवेदन प्रपत्र आवेदन बॉक्स में डालने की तिथि एवं समय:** दिनांक 27.04.2026 से दिनांक 28.04.2026 तक समय 15:00 बजे तक। **आवेदन खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 28.04.2026 को 15:30 बजे। आवेदन डालने एवं खोले जाने की तिथि को किसी कारणवश यदि कार्यालय बन्द रहता है तो आवेदन उसके अगले कार्य दिवस में डाली/खोली जायेगी। आवेदन पत्र, अधिसूचना की पात्रता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं डाउनलोड किया जा सकता है या मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र के मूल्य एवं बयाना राशि मूल्य के उपरोक्त तालिका के अनुसार के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे के पक्ष में जारी हो एवं बरेली में देय हो आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होंगे। एक स्टेशन पर केवल एक आवेदक को लगाया जाएगा अन्य किसी दूसरे स्टेशन या काउन्टर पर नहीं। बिना आवेदन प्रपत्र शुल्क एवं बिना बयाना राशि मूल्य के आवेदन पत्र को वैध नहीं मानते हुए विचार नहीं किया जाएगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों को न तो स्वीकार किया जायेगा न ही विचार किया जायेगा। किसी भी आवेदन या समस्त स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस०टी०बी०ए०) की नियुक्ति की प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये रद्द एवं अस्वीकार करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित होगा। यह आवेदन रेलवे में नौकरी के लिए नहीं है।

मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, मुजाधि/वाणिज्य-05 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर।

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 04.04.2026 को कैन्टीन पश्चिमी गेट, जनपद न्यायालय, शाहजहांपुर का ठेका नीलामी के प्रकाशन की सूचना प्रकाशित की गयी है, जिसमें लिपिकीय त्रुटि के कारण कमांक संख्या 01 पर ''**वर्ष 2024-2025 में कैन्टीन पश्चिमी गेट का ठेका रु0 20000/- मात्र में स्वीकृत हुआ था।**'' प्रकाशित हो गया है। जिसके स्थान पर ''**वर्ष 2024-2025 में कैन्टीन पश्चिमी गेट का ठेका रु0 550000/- मात्र में स्वीकृत हुआ था।**'' पढ़ा जाये।

अध्यक्ष
कैन्टीन ठेका नीलामी समिति / अपर जिला जज, जनपद न्यायालय, शाहजहाँपुर।

UP-249281 दिनांक 06.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत धन्तिया विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 से 10.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - ज्ञान सिंह सचिव-श्रीमती श्वेता पाल

## कार्यालय ग्राम पंचायत मसीहाबाद विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 से 10.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - पंकज कुमार सचिव-श्रीमती श्वेता पाल

## कार्यालय ग्राम पंचायत जाम विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 से 10.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - श्रीमती पूनम कुमारी सचिव-श्रीमती श्वेता पाल

## कार्यालय ग्राम पंचायत लभेड़ा दुर्गा प्रसाद विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 से 10.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - श्रीमती भागवती सचिव-श्रीमती श्वेता पाल

## कार्यालय ग्राम पंचायत करमपुर विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 से 10.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - श्रीमती ऊषा देवी सचिव-श्रीमती श्वेता पाल

## कार्यालय ग्राम पंचायत तिलमास विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 से 10.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - छोटे लाल सचिव-श्रीमती श्वेता पाल

## कार्यालय ग्राम पंचायत तिलियापुर विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 से 10.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - श्री रईसउद्दीन सचिव-श्री आलोक कुमार

## कार्यालय ग्राम पंचायत बादशाहनगर विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.04.2026 से 10.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 10.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - श्रीमती राजकुमारी सचिव-श्री आलोक कुमार

## कार्यालय ग्राम पंचायत फिरोजपुर विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 7.04.2026 से 14.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 14.04.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - श्रीमती शमा परवीन सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत जुन्हाई विकास खंड मीरगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों एवं सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्रा. पं. की कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में पन्द्रहवां वित्त/राज्य वित्त/वीबी -जी रामजी/एस एल डब्ल्यू एम, एस बी एम, ओ एस आर, तथा आई सी डी एस आदि से समस्त निर्माण कार्य, सी.सी रोड, नव नाली निर्माण/मरम्मत, खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर, दरी, एल.ई.डी लाईटें स्थापना/अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग कार्य, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक शौचालय वॉल पेंटिंग, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/ मरम्मत, सोलर लाईट, पशु शेड, शोक पिट, सार्वजनिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ मरम्मत, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी की टंकी का निर्माण, पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण/मरम्मत आंगनवाड़ी भवन निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवाल/मरम्मत, ई रिक्शा क्रय/मरम्मत, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, सूचना बोर्ड की स्थापना, सफाई ठेली क्रय/मरम्मत, जन सेवा केंद्र (सीएससी) का निर्माण/मरम्मत, खाद के पक्के गड्ढों का निर्माण, पंचायत भवन हेतु डेस्कटाप, कंप्यूटर, लेजर प्रिंटर, बैटरी/सोलर पैनल, सी सी टीवी कैमरा, पंचायत भवन में अन्य अनुरक्षण कार्य, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्रय, अन्नपूर्णा (खाद्यान्न) भवन निर्माण, अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम ईट, रोड़ा, सीमेंट, मोरंग, रेत, बजरी लोहा, टाइल, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख सैनेटाईजिंग, फागिंग कार्य, स्प्रे मशीन, सफाई किट एवं जो प्राक्कलन में है आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 7.04.2026 से 14.04.2026 को अपरान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिन्हें उसी दिनांक 14.04.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएंगी । निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यो का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

प्रधान - श्रीमती देवकी सचिव

न्यूज ब्रीफ

### रक्षामंत्री से मिला इप्सेफ का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने देशभर के कर्मचारियों व शिक्षकों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और मांगों पर शीघ्र निर्णय की अपील की। रक्षामंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं शिक्षक रह चुके हैं, इसलिए उनकी पीड़ा को भली-भांति समझते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने 8वें वेतन आयोग की संस्तुतियां 1 जनवरी 2026 से लागू करने, पुरानी पेंशन बहाली, आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन व सुरक्षा, शिक्षकों को टीईटी से छूट तथा रिक्त पदों पर समयबद्ध भर्ती जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। इस दौरान कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विंडो खुली, 15 तक अपलोड करें क्यूपीआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) अपलोड करने के लिए पोर्टल की विंडो खोल दी है। सभी पंजीकृत रियल एस्टेट परियोजनाओं के प्रमोटरों को 31 मार्च 2026 को समाप्ति हुई क्यूपीआर 15 अप्रैल तक अपलोड करना होगा। अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण कार्रवाई करेगा। रेरा ने स्पष्ट किया है कि क्यूपीआर अपलोड करने से खरीदारों को परियोजना की वास्तविक प्रगति, निर्माण की स्थिति, विभिन्न अनुमोदनों की उपलब्धता तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सार्वजनिक की जाती हैं। इससे गृह-खरीदारों को सही और अद्यतन जानकारी मिलती है और वे सोच-समझकर निर्णय ले सकते हैं। भू-सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 11(1) के तहत प्रत्येक प्रमोटर को हर तिमाही समाप्त होने के बाद अपनी परियोजना से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपडेट करना है। उल्लंघन करने पर रेरा अधिनियम की धारा 61 के अनुसार परियोजना लागत का पांच प्रतिशत तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### राज्य कर्मियों को एआई दक्षता कार्यक्रमों का प्रशिक्षण जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्मिकों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अपर निदेशक सूचना अरविन्द कुमार मिश्र ने बताया कि 2 से 8 अप्रैल तक आयोजित इस अभियान के तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कम से कम चार घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त करना है। इसमें एआई दक्ष कार्यक्रम के तीन कोर्स सहित आईगोट मार्केटप्लेस से एक पाठ्यक्रम शामिल होगा। अपर निदेशक सूचना सोमवार को जूम मीटिंग के माध्यम से जिला सूचना कार्यालयों के कर्मचारियों को आईगोट (आईजीओटी) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों की जानकारी दे रहे थे।

### गोरखपुर का कुसम्ही जंगल बनेगा इको-टूरिज्म हब

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के साथ अब इको-टूरिज्म को भी तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत गोरखपुर के कुसम्ही जंगल को आधुनिक इको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। करीब 4.84 करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए पहली किस्त के रूप में 50 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं, जिससे निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार गोरखपुर को पूर्वांचल के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कुसम्ही जंगल में विकसित होने वाला इको पार्क न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। प्रस्तावित इको पार्क में पर्यटकों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें स्विस कॉटेज, ट्री हाउस, योग केंद्र, इंटरप्रिटेशन सेंटर और आधुनिक कैफेटेरिया शामिल हैं। इसके अलावा बायो टॉयलेट, सोलर सबमर्सिबल, पार्किंग, सुरक्षा फेंसिंग और बैठने की व्यवस्था जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

### परिवहन विभाग में छह एआरटीओ के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने परिवहन विभाग में छह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों (एआरटीओ) को विभिन्न जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस संबंध में सोमवार को विशेष सचिव खेमपाल सिंह द्वारा आदेश जारी किया गया है। परिवहन विभाग के अनुभाग-तीन से जारी आदेश के अनुसार, अजीत सिंह को जौनपुर में एआरटीओ (प्रशासन) बनाया गया है। वहीं अकांक्षा सिंह पटेल को गाजियाबाद में एआरटीओ प्रशासन तृतीय दल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा संजय कुमार सिंह को सिद्धार्थनगर, सुशील कुमार को बहराइच और वीरेन्द्र प्रताप यादव को चित्रकूट में एआरटीओ नियुक्त किया गया है। मुख्यालय में तैनात प्रेम सिंह को फिरोजाबाद में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में ऐतिहासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का कराया गया आयोजन

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन कर धन्य हो गए श्रद्धालु

● बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के स्वामी भव्य तेज सुबह 9:45 बजे अवशेष लेकर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बाबा श्री त्रिवटीनाथ मंदिर में श्री सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन अवशेष सहस्त्रों का अभिषेक करते स्वामी भव्य तेज। ● अमृत विचार



स्वामी भव्य तेज के स्वागत के दौरान लहरातीं धर्मध्वजाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर के श्री सत्संग भवन में सोमवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर शहरवासी आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर हो गए। ऐतिहासिक पलों के हजारों लोग साक्षी बने। श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बरेली की ओर से त्रिवटी नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के स्वामी भव्य तेज सोमवार सुबह करीब 9.45 बजे सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष लेकर पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव, सोमनाथ महादेव की जय-जय कार से गुंजायमान हो उठा। नाथ नगरी जलाभिषेक समिति, बाबा महाकाल समिति और बाबा गिरीराज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने ढोल नगाड़ों से स्वामी भव्य तेज का स्वागत किया। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के पार्थो कुनार, श्वेता कुनार, सौरभ मेहरोत्रा आदि स्वामी भव्य तेज को लेकर शिवालय पहुंचे और त्रिवटीनाथ मंदिर के दर्शन कराए।

रामालय में सीताराम, राधा कृष्ण के दर्शन करने के बाद स्वामी भव्य तेज कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को पूजा थाल में रखा। इसके बाद मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना संपन्न की। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन करने के यह ऐसे पल थे, जिसे देखने के लिए हर कोई लालायित नजर आया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के बृजवासी, गोपाल सरन, अशोक भसीन, रीना अग्रवाल, गोपाल भारण अग्रवाल के अलावा मनीष शर्मा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, संचित अग्रवाल, डॉ विनोद पागरानी, प्रसाद चंद सेठ, संदीप अग्रवाल, विकास मेहरोत्रा, ब्रजवासी लाल अग्रवाल, मनोज देवल आदि शहर के गणमान्य मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल भी दर्शन करने पहुंचीं।

#### कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को देशभर में दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

# 10,228 करोड़ रुपये बढ़ा प्रदेश का राजस्व संग्रह

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जारी किया आंकड़ा, जीएसटी, स्टाम्प, परिवहन और खनन से प्रदेश की आय में आया बड़ा उछाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मार्च में 26,193 करोड़ की वसूली, पूरे वर्ष में 2.23 लाख रुपये करोड़ पार



**अमृत विचारः** प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की नई ऊंचाइयों को छू रही है, जिसका स्पष्ट असर प्रदेश के राजस्व आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। वित्तीय अनुशासन, प्रभावी नीतियों और सुदृढ़ प्रशासनिक प्रबंधन के चलते न सिर्फ मार्च 2026 में राजस्व संग्रह में 1020 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, बल्कि पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10,228 करोड़ का रिकॉर्ड इजाफा हुआ है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर ताजा आंकड़े जारी करते हुए बताया कि कर एवं करेत्तर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है, जो न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है बल्कि विकास कार्यों को गति देने के लिए भी सरकार को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध करा रही है। ताजा आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि राज्य अब 35,000 करोड़ से अधिक के रेवेन्यू सरप्लस के साथ देश के अग्रणी वित्तीय रूप से सुदृढ़ राज्यों में शामिल हो चुका है।

वित्त मंत्री ने बताया कि मार्च 2025 के मुकाबले मार्च 2026 में प्रदेश के मुख्य कर एवं करेत्तर राजस्व में 1020.53 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के मार्च माह में कु 26,193.56 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि पिछले वर्ष मार्च 2025 में यह 25,173.03 करोड़ था। वहीं दूसरी तरफ, पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 की बात करें तो मार्च तक प्रदेश को कुल 2,23,060.18 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 2,12,832.08 करोड़ के मुकाबले 10,228.10 करोड़ अधिक है।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश "रेवेन्यू सरप्लस स्टेट" की स्थिति में है और राज्य के पास 35,000 करोड़ से अधिक का अधिशेष उपलब्ध है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मूल बजट का लगभग 81% व्यय किया जा चुका है, जो बेहतर वित्तीय प्रबंधन का संकेत है। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी कार्य योजना को शीघ्र अंतिम रूप दें, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके और प्रदेश की आर्थिक प्रगति को और तेज किया जा सके।

#### मार्च में जीएसटी, स्टाम्प और परिवहन से बढ़ी आय

- माह मार्च 2026 के राजस्व मदों पर नजर डालें तो जीएसटी से 7,347.31 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष 6,785.34 करोड़ थी। वैट के तहत 4,438.82 करोड़ की आय हुई, जबकि पिछले वर्ष यह 4,472.70 करोड़ थी। आबकारी से 9,269.44 करोड़ प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष के 9,744.50 करोड़ से कुछ कम है। स्टाम्प एवं निबंधन के क्षेत्र में वृद्धि दर्ज करते हुए 2,728.74 करोड़ की आय हुई, जबकि पिछले वर्ष 2,617.56 करोड़ प्राप्त हुए थे। परिवहन क्षेत्र में उल्लेखनीय उछाल के साथ 1,624.84 करोड़ की आय हुई, जो पिछले वर्ष 951.98 करोड़ थी। वहीं भू-तत्व एवं खनिकर्म से 784.41 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष 600.95 करोड़ थी।

#### पूरे वित्तीय वर्ष में सभी प्रमुख मदों में मजबूत प्रदर्शन

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न मदों में प्राप्ति की बात करें तो जीएसटी से 82,547.40 करोड़ (पिछले वर्ष 82,535.14 करोड़), वैट से 33,006.35 करोड़ (पिछले वर्ष 32,096.54 करोड़), आबकारी से 57,722.29 करोड़ (पिछले वर्ष 52,574.52 करोड़), स्टाम्प एवं निबंधन से 32,598.49 करोड़ (पिछले वर्ष 30,205.97 करोड़), परिवहन से 12,764.61 करोड़ (पिछले वर्ष 11,043.15 करोड़) तथा भू-तत्व एवं खनिकर्म से 4,421.04 करोड़ (पिछले वर्ष 4,376.76 करोड़) की राजस्व प्राप्ति हुई, जो प्रदेश की मजबूत वित्तीय प्रगति को दर्शाती है।

### योगी आज देंगे ग्रेटर आगरा की सौगात

**लखनऊ, अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को आगरा को 5142 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी 'ग्रेटर आगरा' योजना की सौगात देंगे। इस दौरान वह रायपुर और रहन कलां में प्रस्तावित टाउनशिप का भूमिपूजन व शिलान्यास करेंगे और परियोजना के मॉडल का अवलोकन भी करेंगे। करीब 449.65 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होने वाली इस टाउनशिप में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना के तहत आधुनिक आवासीय सेक्टर, चौड़ी सड़कें, हरित क्षेत्र, बेहतर जल-बिजली आपूर्ति और सार्वजनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा, जिससे आगरा के शहरी विस्तार को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री अन्य विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

# आंबेडकर की प्रतिमाओं पर लगेगा छत्र, बनेगी बाउंड्रीवॉल

## गोरखपुर में भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया एलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के स्थापना दिवस पर आंबेडकर जयंती से पहले बड़ा एलान करते हुए कहा है कि प्रदेश भर में जहां-जहां डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां सरकार की ओर से छत्र (कैनोपी) लगाया जाएगा। साथ ही इन स्थलों का सौंदर्यीकरण करते हुए पार्क विकसित किए जाएंगे और बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जाएगा।

गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का योगदान भारतीय समाज और संविधान के निर्माण में अतुलनीय है। ऐसे में उनके सम्मान में स्थापित प्रतिमाओं का संरक्षण और व्यवस्थित विकास सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार इस कार्य को मिशन मोड में पूरा करेगी। सीएम योगी ने बताया कि जहां भी डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा होगी, वहां आसपास के क्षेत्र को विकसित कर एक व्यवस्थित पार्क का स्वरूप दिया जाएगा, जिससे यह स्थल सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बन सके। बाउंड्री वॉल के निर्माण से इन स्थलों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सम्मान और समरसता का संदेश भी देती है। सरकार का उद्देश्य है कि समाज के महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल तक प्रदेश में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान, पुष्पांजलि कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। सीएम योगी ने कहा कि सरकार बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए लगातार कार्य कर रही है। यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

#### 'बच्चा बाबू' की स्मृति में आधुनिक लैब

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में पूर्व शिक्षक डॉ. तेज प्रताप शाही की स्मृति में स्थापित आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह लैब इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, शोध-अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाएं खोलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. शाही ने जीवन भर संस्थान और समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद उनकी गोरक्षपीठ के प्रति आस्था और निष्ठा उनके व्यक्तित्व को विशिष्ट बनाती है। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए डॉ. शाही के परिजनों अनन्य प्रताप शाही और अतिरेक शाही की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक लैब नहीं, बल्कि शिक्षा और समाज के प्रति समर्पण की जीवंत मिसाल है।

### बेटी की पढ़ाई नहीं रुकेगी फीस जमा कराने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक जरूरतमंद छात्रा की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उसकी स्कूल फीस जमा कराने का निर्देश दिया। आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई रुकने की आशंका जताने पर मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि किसी भी बेटी की शिक्षा पैसे के अभाव में नहीं रुकेगी। योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसी दौरान एक बेटी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह पढ़ना चाहती है, लेकिन परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति की वजह से फीस जमा करने में बाधा आ रही है। इस पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविलंब बिटिया की स्कूल फीस की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक दिक्कत की वजह से किसी बेटी की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। हर बेटी को सुरक्षा के साथ-साथ उसका सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। जब एक बेटी शिक्षित होती है तो पूरे समाज पर सकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि हर मामले में संवेदनशीलता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। योगी ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भी राहत का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि उच्चीकृत अस्पताल से इलाज का एस्टीमेट मंगवाया जाए, सरकार पूरा खर्च उठाने में मदद करेगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे मामलों में प्रक्रिया तेजी से पूरी कर शासन को प्रस्ताव भेजा जाए।

रूबरू

### फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में लखनऊ आईं देश की पहली महिला आईपीएस किरण बेदी ने अमृत विचार से की विशेष बातचीत

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुनूनी बनना जरूरी : किरण बेदी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचारः** देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी की पहचान उनके कई रूपों से है। वो प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आम आदमी पार्टी के साथ उन्होंने राजनीतिक सफ़र शुरू किया। भाजपा ने उन्हें दिल्ली में मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश किया। वो पुडुचेरी की उप राज्यपाल रहीं। सोमवार को एक होटल में फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में शामिल होने वह लखनऊ आईं तो 'अमृत विचार' से भी मुखातिब हुईं।

अपनी पढ़ाई के दौर से आज के दौर की तुलना करते हुए वो कहती हैं कि प्रगति ने बहुत लंबी दूरी तय कर ली है। अब अवसरों की कमी नहीं है, सुविधाएं बढ़ गई हैं। लड़कियों को चाहिए कि मां-बाप की परवरिश, शिक्षक से मिल रही शिक्षा और तकनीक का प्रयोग शिक्षा में करते हुए वह अगर अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान दें तो वह अपने आप आगे बढ़ती चली जाएंगी। किरण बेदी से यह पूछने पर कि उन्हें अपना कौन सा रूप पसंद है, पुलिस अधिकारी वाला, भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करने वाला, विधानसभा चुनाव लड़ने वाला या फिर उप राज्यपाल वाला? सवाल सुनकर वो मुस्कुराईं। बोलीं हर रूप पर ईश्वर का धन्यवाद। मैंने कोई रूप नहीं बदला। जब जिस रूप में चुनौती महसूस हुई उसे अपनाया। मेरा लक्ष्य सेवा भाव रहा और कुर्बानी के स्तर तक जाकर अपने लक्ष्य को हासिल किया। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुनूनी बनना जरूरी। वह जुनून ही था जिसके कारण मैं समाज की बेहतर सेवा कुछ हद तक कर पाई।



फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में महिलाओं के साथ पूर्व आईपीएस किरण बेदी। अमृत विचार

#### बुलडोजर का डर अच्छा है...

- किरण बेदी ने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए और कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए दोनों मामलों में सामने वाले पर डर हावी होना चाहिए। डर हावी करने वाले को ईमानदार होना चाहिए, फिर सब कुछ ठीक हो जाएगा। उनसे पूछा कि कैसा डर... बुलडोजर जैसा? वो बोलीं कि हां बुलडोजर जैसा। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर के डर ने न जाने कितने अपराधियों पर लगाम लगा दी। इसे न चलाया जाता तो हम न जाने क्या-क्या खो चुके होते।

#### धुरंधर ने दिखाया कैसे काम करते गैंगस्टर

- किरण बेदी ने संवाददाता से ही पूछ लिया कि क्या धुरंधर मूवी देखी? उसे देखिए, पता चलेगा कि गैंगस्टर कैसे काम करते हैं। जब उनसे पूछा कि आप फ़िल्में देखती हैं? तो वो बोलीं कि धुरंधर जैसी फ़िल्में आती हैं तो जरूर देखती हूं।

#### बगैर मां-बाप के लड़कियों के घूमने का समय अब आ गया

- किरन बेदी से पूछा कि आपको डर लगता है? उन्होंने कहा कि अपराधियों से नहीं भगवान से डर लगता है। मैंने माहौल बदलते हुए देखा है। बगैर मां-बाप के लड़कियों के घूमने का समय आ गया है। काफी चीजें ठीक हुई हैं। अपराधियों को सजाएं मिलने लगी हैं। सजा समय से मिलने लग जाए तो सब कुछ ठीक हो जाए, फिर किसी को भी डर नहीं लगेगा। किरण बेदी की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार और नेहरू फेलोशिप हासिल हुई। दिल्ली में सहायक पुलिस अधीक्षक से अपनी सेवाएं शुरू करने वाली किरण बेदी ने दिल्ली की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया। तिहाड़ जेल में महानिदेशक रहते हुए जेल की दशा सुधारी। वो संयुक्त राष्ट्र पुलिस की प्रमुख रहीं। किरण बेदी चुनौतियों से लड़ने की शौक़ीन रही हैं। नौकरी के दौरान उन्होंने कार्रवाई करते समय यह नहीं देखा कि सामने वाला धीरेन्द्र ब्रह्मचारी है या फिर अपना ही कोई अफसर। कानून का डंडा उन्होंने समान रूप से चलाया। इसका नुकसान भी उठाया, लेकिन कदम कभी डगमगाए नहीं।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए 15 तक विशेष अभियान


**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा।

सरकार ने निर्देश दिए हैं कि शिविरों के माध्यम से न केवल नए किसानों का पंजीकरण किया जाए, बल्कि नाम या अन्य विवरणों में त्रुटियों का भी मौके पर ही निस्तारण किया जाए। इस कार्य में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और लेखपालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लेखपालों को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत के कम से कम एक शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# अमृत विचार

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026



शारीरिक प्रशिक्षण के मामले में किसी को भी नौसिखिया होने का अधिकार नहीं है। किसी व्यक्ति के लिए यह शर्म की बात है कि वह अपने शरीर की सुंदरता और शक्ति को देखे बिना बूढ़ा हो जाए।
– **सुकरात**, दार्शनिक

## विकास के दावों की परीक्षा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारत के उच्च विकास दर के दावे वास्तविकता की कसौटी पर टिक पाएंगे? हाल के अंतर्राष्ट्रीय आकलनों ने संकेत दिया है कि बाहरी झटकों के प्रति भारत की संवेदनशीलता अभी भी काफी अधिक है। मूडीज द्वारा वित्त वर्ष 2027 के लिए विकास दर को घटाकर लगभग 6 से अधिकतम 6.4 प्रतिशत करने का अनुमान, ओईसीडी के 6.1 प्रतिशत के आकलन और आईसीआरए के 6.5 प्रतिशत के अनुमान, ये तीनों इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत की वृद्धि दर पर इस जंग का दबाव बढ़ रहा है। भले ही यह दर वैश्विक मानकों में अभी भी मजबूत मानी जाए, लेकिन 1 से 1.5 प्रतिशत अंक की संभावित गिरावट को नजरअंदाज कतई नहीं किया जा सकता। इस दबाव का सबसे बड़ा कारण भारत की ऊर्जा निर्भरता है।

